RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



पेज 7 जेनिफर का बोल्ड अंदाज ....

वर्ष : 26 अंक : 337 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 28 नवंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# संभल हिंसा: जुमे की नमाज पर अलर्ट, थ्री लेयर सुरक्षा

## मस्जिद से दुकानें खोलने और घर पर नमाज पढ़ने की अपील

**संभल ( एजेंसी )।** जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान हुई हिंसा में चार लोगों की मौत के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। अब सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक न रहे इसके लिए रणनीति बना ली गई है।





अहम बात यह है कि शुक्रवार को अदालत में वादी पक्ष को सर्वे रिपोर्ट पेश करनी है तो प्रतिवादियों की ओर से अपना पक्ष रखा जाएगा। ऐसे में जामा मस्जिद में जुमा की नमाज और अदालत में दोनों पक्षों के मौजूद होने पर सुरक्षा कारणों को लेकर पुलिस को फुल प्रूफ प्लान तैयार है। मस्जिद के आसपास धारा-163 लागू है। वहीं संभल में आज शाम तक इंटरनेट सेवा बंद है। संभल हिंसा में अब तक 28 पत्थरबाज गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

आपको बता दें कि बीती 19 नवंबर को चंदौसी स्थित सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में आठ लोगों की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन की ओर से संभल की जामा मस्जिद में हरिहर मंदिर होने का दावा पेश किया गया था। उसी दिन अदालत ने इस मामले में सुनवाई व सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए 29 नवंबर की तारीख दी थी।

अब 29 नवंबर को जामा मस्जिद में नमाज भी होनी है। पहले ही बवाल हो चुका है, जिसमें चार लोगों की मौत होने के साथ ही दर्जन भर से अधिक पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी घायल हो गए थे। ऐसे चुनौती पूर्ण माहौल की गंभीरता को देखते हुए सुरक्षा ब्यूह बनाया जाना लाजमी है। हालांकि पुलिस व जिला प्रशासन ने इसके लिए चंदौसी और संभल में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा इंतजाम पुख्ता कर लिए हैं।

जामा मस्जिद पर सुरक्षा व्यवस्था की बात करें तो इस इलाके में थ्री लेयर व्यवस्था रहेगी। इसमें पुलिस, पीएसी और रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों के साथ ही पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहेंगे। सशस्त्र जवानों के साथ ही दमकल दस्ता भी मौजूद रहेगा। मस्जिद के सभी रास्तों पर बेरिकेडिंग कराई जाएगी। संभल में हिंसा के बाद अब हालात सामान्य हो गए हैं। बाजार में दुकानें खुल गई हैं, लेकिन मस्जिद के पास की दुकानें अबतक बंद हैं। इसको लेकर शाही जामा मस्जिद से अपील की गई है कि लोग काम पर लौटें। लोगों से ये भी अपील की गई है कि जुम्मे की नमाज लोग अपने घरों के पास वाली मस्जिदों में ही पढ़ें। ज्यादा भीड़ न लगाएं जो हुआ हमें उसका अफसोस है। वहीं दूसरी ओर पुलिस का उपद्रवियों पर ताबड़तोड़ एक्शन जारी है। हिंसा मामले में पुलिस अबतक 28 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। साथ ही हिंसा में शामिल 200 लोगों की फोटो भी जारी कर चुकी है।

### यूपी सरकार को भेजी गई रिपोर्ट

**इस मामले में जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से यूपी सरकार को रिपोर्ट भेज दी गई है। जिसमें बताया गया है कि जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा कैसे शुरू हुई और हालात पर काबू कैसे पाया गया। इतना ही नहीं हिंसा करने वालों पर प्रशासन ने क्या-क्या कार्रवाई की है, ये भी रिपोर्ट में बताया गया है।**

## अफवाह फैलाने पर गिरफ्तार





उत्तर प्रदेश पुलिस ने 24 नवंबर को हुई पथराव की घटना के बाद संभल में अफवाह फैलाने के आरोप में फरहत नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 170, 126 और 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# प्रियंका ने हाथ में संविधान की पुस्तक लेकर ली शपथ



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद के शीतकालीन सत्र का आज तीसरा दिन है। सत्र की शुरुआत काफी हंगामेदार रही है। आज भी हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित की गई। विपक्ष ने पिछले दो दिनों से अदाणी और मणिपुर मुद्दे पर जमकर बवाल काटा है। इस बीच आज कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोक सभा में संसद सदस्यता की शपथ ली। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## शपथ लेने पर कांग्रेसियों ने मनाई खुशी



**नोएडा ( चेतना मंच )।** वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के लोकसभा में शपथ लेने पर नोएडा के कांग्रेसियों व कार्यकर्ताओं में खुशी लहर दौड़ गई है।

नोएडा महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष शहाबुद्दीन, युवा कांग्रेस गौतमबुद्धनगर जिलाध्यक्ष जावेद खान ने संयुक्त रूप से कहा कि श्रीमती प्रियंका गांधी आज भारत की सांसद बन गई हैं! (शेष पृष्ठ-3 पर)

# दिल्ली के प्रशांत विहार में धमाका, सफेद पाउडर मिला





**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश की राजधानी दिल्ली के रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में गुरूवार सुबह एक स्कूटर में जोरदार धमाका हुआ है। धमाके से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इलाके में धमाके की तेज आवाज सुनी गई है।

जानकारी के अनुसार, आज सुबह 11.48 बजे पुलिस को प्रशांत विहार इलाके से विस्फोट की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। शुरुआती जांच में सामने आया कि मिठाई की दुकान के पास एक स्कूटर में जोरदार धमाका हुआ है। अभी किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मौके पर सफेद पाउडर जैसी चीज मिलने की सूचना है। फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है, इसके बाद ही स्पष्ट होगा।

## अमित शाह से नहीं संभली दिल्ली की सुरक्षा : केजरीवाल

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आम आदमी पार्टी (AAP) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में बढ़ रही घटनाओं को लेकर गृह मंत्री अमित शाह पर जमकर निशाना साधा है।





केजरीवाल ने कहा कि आज दिल्ली की कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# जमीनी विवाद में चचेरे भाई के सिर में मारी गोली

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक तमंचा और एक जिन्दा व एक खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया है।

बता दें कि 28 नवम्बर 2024 को थाना नॉलेज पार्क पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सुन्दर सिंह, जो हत्या के प्रयास के मामले में वांछित था, सैक्टर 148 मेट्रो के पास पुस्ता की तरफ जाने वाली रोड पर मौजूद है। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफतार कर लिया। पुलिस ने बताया कि एक प्राइवेट बस रजि. नं. यूपी 85 एफटी 2713, जेवर से परीचौक के लिए आ रही थी। (शेष पृष्ठ-3 पर)



## नोएडा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सेक्टर-121 ने अपना 25वां वार्षिक उत्सव हर्षोल्लाह के साथ मनाया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर अनंत कुमार ओजारकर, विभागाध्यक्ष मणिपाल यूनिवर्सिटी उपस्थित रहे।

सेक्टर-121 स्थित नोएडा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव दीप प्रज्जवलन तथा सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुआ। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 'देश और हम' पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी तथा छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाने के लिए उन्हें पुरस्कार भी दिया गया। इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष भरत यादव, प्रबंधक श्रीमती सुमन यादव और प्रधानाचार्य श्रीमती आर बुवाना व अभिभावक उपस्थित रहे।

# नोएडा में 212 करोड़ से लगेंगे 2100 कैमरे

## दिल्ली आईआईटी भेजी जा रही डीपीआर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के नोएडा शहर को सेफ सिटी प्रोजेक्ट के लिए दिसंबर में कंपनियों से आवेदन



मांगे जाएंगे। ये प्रोजेक्ट 212 करोड़ का है। इसके तहत नोएडा के 561 लोकेशन पर 2100 कैमरे लगाए जाएंगे। इसका एक छोटा प्रस्तुतीकरण भी नोएडा के बोर्ड रूम में किया गया। इस प्रोजेक्ट की डीपीआर को फाइनल कर लिया गया है। एस्टमेट वैरीफाइड के लिए इसकी डीपीआर दिल्ली आईआईटी को भेजी जा रही है। वहां से अप्रूवल मिलते ही आरएफपी जारी की जाएगी।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि यह कैमरे नाइट विजन व फेस डिटेक्शन कैमरे होंगे, जो इंट्रीग्रेटेड सिक्योरिटी एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आइएसटीएमएस) के कैमरों से बिलकुल अलग होंगे। मानिटरिंग के लिए अलग से कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा। इनका वाहनों के चालान से कोई संबंध नहीं होगा, लेकिन सुरक्षा के तहत वाहनों की नंबर प्लेट व उसमें बैठे लोग भी साफ तौर पर कैमरे की नजर से देखा जा सकेगा।

### कंट्रोल रूप पुलिस मुख्यालय से जुड़ेगा

बदमाशों का डाटा पुलिस के पास पहले से है। ऐसे में कोई भी बदमाश यदि इन कैमरों के पास गुजरता है तो उसकी लाइव लोकेशन और पूरा डाटा कंट्रोल रूम में दिखाई देगा। सेफ सिटी के कंट्रोल रूम सीधे पुलिस मुख्यालय में बने कंट्रोल रूम से जुड़े होंगे। कोई भी सूचना मिलने पर तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन, पुलिस चौकी, पीआरवी, डायल-112 को जानकारी दी जा सकेगी।

इस योजना के तहत पुलिस कंट्रोल रूम की तर्ज पर थाने चौकी में भी मॉनिटरिंग स्क्रीन लगाई जाएगी। इन स्क्रीन को कंट्रोल रूम से एक्सेस भी दिया जाएगा, जो वहां पर दो ही घटनाओं पर अलग-अलग कलर में ब्लिंक करेगा। पहली घटना जहां महिला अकेली खड़ी है और दूसरा जहां भीड़ भाड़ के कारण घटना होने की संभावना है। परियोजना के तहत शहर में सेव अवर सोल (एसओएस) भी लगाए गए है, जिसमे आपातकाल के समय आप तुरंत पुलिस को किसी भी घटना की जानकारी दे सकते है।

### 212 करोड़ का है प्रोजेक्ट

सेफ सिटी प्रोजेक्ट को पूरा करने में करीब 212 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## संविधान दिवस

मंगलवार, 26 नवंबर को 'संविधान दिवस' था। 1949 में इसी दिन संविधान को अंगीकार किया गया था। 26 जनवरी, 1950 को 'गणतंत्र दिवस' के अवसर पर संविधान को विधिवत लागू किया गया। तभी से हम 'संवैधानिक राष्ट्र' हैं, लेकिन इसकी अवहेलना भी होती रही है, लिहाजा सवाल उठते रहे हैं कि भारत संविधान से चलेगा अथवा जाति-धर्म से..? संविधान की वैधानिक नैतिकता का सवाल बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक दोनों समुदायों के सामने है। हठ और पूर्वाग्रहों से संविधान की व्याख्या नहीं की जा सकती। इस बार 'संविधान दिवस' पर संसद की कार्यवाही स्थगित है। पुराने संसद भवन के 'सेंट्रल हॉल' में संविधान की 75वीं सालगिरह मनाई जानी थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का संबोधन होना था। उसके बाद संसद की कार्यवाही शुरू की जा सकती थी। एक दिन पहले ही संसद के शीतकालीन सत्र का आगाज हुआ है। उद्योगपति गौतम अडाणी के कथित घूसकांड पर विपक्ष ने जिद की और ऐसा हंगामा किया कि दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। यह संवैधानिक मूल्य नहीं है। एक उद्योगपति ही संसद नहीं है। अडाणी के खिलाफ अमरीकी अदालत ने वारंट जारी किया है। बेशक घूसकांड भारत के भीतर ही हुआ है, तो उसके लिए राज्य सरकारें केस दर्ज कर सकती हैं। अभी तक ऐसा क्यों नहीं हुआ? क्योंकि सरकारें अडाणी से करोड़ों का चंदा भी लेती हैं। सरकारी परियोजनाएं भी अडाणी ही चलाते हैं। कोई भी पार्टी हो, सभी की सरकारें इस हम्माम में नंगी हैं। दरअसल अडाणी के मुद्दे पर ही संसद में बहस की जिद और हंगामे का औचित्य क्या है? कई और मुद्दे भी संसद के सामने हैं, जिन पर प्राथमिकता से विमर्श किया जाना चाहिए। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडगे 'अडाणी कांड' पर ही उपराष्ट्रपति एवं सभापति जगदीप धनखड़ से उलझते रहे, जबकि सभापति अडाणी मुद्दे पर सभी 13 नोटिस खारिज कर चुके थे। संविधान के संचालक सभापति और लोकसभा अध्यक्ष भी हैं और नेता प्रतिपक्ष समेत सांसद भी हैं, लेकिन संवैधानिक नैतिकता क्या है? जब संविधान को अंगीकार किया गया था, तब संविधान-शिल्पी डॉ. भीमराव अंबेडकर ऐसे ही विरोधाभासों को लेकर चिंतित थे। वह राजनीतिक समानता को लेकर, काफी हद तक, आश्वस्त थे, लेकिन सामाजिक-आर्थिक असमानताओं के मद्देनजर चिंतित थे। अंबेडकर ने कहा था-संविधान महज एक किताब नहीं, बल्कि संपूर्ण देश, नागरिक समाज और उसके नैतिक मूल्य भी हैं। संविधान कितना भी अच्छा हो और तमाम समताओं का पैरोकार हो, लेकिन यह गलत लोगों में फंस गया, तो यह बुरा भी साबित हो सकता है। यदि संविधान को लागू करने वाले अच्छे हैं और संविधान में निहित नागरिक, मानवीय मूल्यों को समझते हैं, तो संविधान कितना भी बुरा हो, अंततः वह सार्थक ही साबित होगा।' बहरहाल आज बाबा अंबेडकर की उन्हीं चिंताओं को समझने का दिन है। 'संविधान दिवस' से एक दिन पहले प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की न्यायिक पीठ ने संविधान की प्रस्तावना में 42वें संशोधन के तहत 'पंथनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' शब्दों को हटाने से इंकार कर दिया है और तमाम याचिकाओं को खारिज कर दिया है। संसद को संविधान की प्रस्तावना में संशोधन की भी शक्ति प्राप्त है। अनुच्छेद 368 के तहत संशोधन की शक्ति प्रस्तावना तक भी फैली है। संविधान और संसद के इस रिश्ते को समझना बेहद जरूरी है। यह इतना गौरतलब नहीं है कि संसद की प्रति मिनट की कार्यवाही पर 2.5 लाख रुपए खर्च होते हैं। यह खर्च 1.5 करोड़ रुपए प्रति घंटा बनता है। कमोबेश 'संविधान दिवस' की 75वीं सालगिरह पर पूरी संसद को यह एहसास होना चाहिए कि हंगामा कर संसद को ठप करना कितना संविधान-विरोधी है! संविधान दिवस स्वतंत्रता, समानता, बंधुता और न्याय के मूल्यों के प्रति देश के औसत नागरिक के भीतर कर्त्तव्य-बोध जगाता है। यह हमें याद दिलाता है कि संविधान देश के नागरिक के लिए है और उन मूल्यों की वकालत करता है, जो किसी व्यक्ति को लोकतंत्र में सुरक्षा और सम्मान के साथ जीने की संभावना देते हैं। देश को आज के दिन इन मूल्यों को समझना चाहिए।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि इस प्रकार से भले ही देवताओं का हित हो ( और तो कोई उपाय नहीं है ) सबने कहा- यह सम्मति बहुत अच्छी है। फिर देवताओं ने बड़े प्रेम से स्तुति की। तब विषम ( पाँच ) बाण धारण करने वाला और मछली के चिह्नयुक्त ध्वजा वाला कामदेव प्रकट हुआ॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0- सुरन्ह कही निज बिपति सब सुनि मन कीन्ह बिचार।**
**संभु बिरोध न कुसल मोहि बिहसि कहेउ अस मार॥**

देवताओं ने कामदेव से अपनी सारी विपत्ति कही। सुनकर कामदेव ने मन में विचार किया और हँसकर देवताओं से यों कहा कि शिवजी के साथ विरोध करने में मेरी कुशल नहीं है॥

**तदपि करब मैं काजु तुम्हारा। श्रुति कह परम धरम उपकारा॥**
**पर हित लागि तजइ जो देही। संतत संत प्रसंसहिं तेही॥**

तथापि मैं तुम्हारा काम तो करूँगा, क्योंकि वेद दूसरे के उपकार को परम धर्म कहते हैं। जो दूसरे के हित के लिए अपना शरीर त्याग देता है, संत सदा उसकी बड़ाई करते हैं॥

**अस कहि चलेउ सबहि सिरु नाई। सुमन धनुष कर सहित सहाई॥**
**चलत मार अस हृदयँ बिचारा। सिव बिरोध ध्रुब मरनु हमारा॥**

यों कह और सबको सिर नवाकर कामदेव अपने पुष्प के धनुष को हाथ में लेकर (वसन्तादि) सहायकों के साथ चला। चलते समय कामदेव ने हृदय में ऐसा विचार किया कि शिवजी के साथ विरोध करने से मेरा मरण निश्चित है॥ (क्रमशः..)

# कनाडा एवं अमेरिका से भारत में रिवर्स ब्रेन ड्रेन की सम्भावना बढ़ रही है

वैश्विक स्तर पर लगातार कुछ इस प्रकार की परिस्थितियां निर्मित होती दिखाई दे रही हैं, जिससे विशेष रूप से कनाडा एवं अमेरिका से भारत की ओर रिवर्स ब्रेन ड्रेन की सम्भावना बढ़ती जा रही है। कनाडा में खालिस्तानियों द्वारा चलाए जा रहे भारत विरोधी आंदोलन के चलते वहां निवासरत भारतीयों एवं मंदिरों पर लगातार हमले हो रहे हैं एवं भारतीयों एवं मंदिरों पर हो रहे इन हमलों पर लगाम लगाने में कनाडा की वर्तमान सरकार असफल सिद्ध हो रही है एवं इन हमलों को, राजनैतिक कारणों के चलते, रोकने की इच्छा शक्ति का अभाव भी दिखाई दे रहा है। इसके चलते भारत एवं कनाडा के राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक रिश्तों पर अत्यधिक विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। स्थिति तो यहां तक पहुंच गई है कि भारत ने कनाडा में अपने दूतावास में प्रतिनिधियों की संख्या को कम कर दिया है तथा भारत ने कनाडा को निर्देशित किया था कि वह भी भारत में अपने दूतावास में प्रतिनिधियों की संख्या को कम करे। भारत एवं कनाडा के बीच आज कूटनीतिक रिश्ते आज तक के सबसे निचले स्तर पर आ गए हैं। साथ ही, कनाडा में आज सुरक्षा की दृष्टि से भी स्थितियां तेजी से बदल रही हैं तथा इसका कनाडा के आर्थिक विकास पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। जिसके चलते भारतीय आज कनाडा में अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और भारत की ओर रूख कर रहे हैं।

दूसरी ओर, अमेरिका में डोनल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीतने के पश्चात वहां पर अवैध रूप से रह रहे अन्य देशों के नागरिकों को अमेरिका से निकाले जाने की सम्भावनाएं बढ़ गई हैं। हालांकि अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों की संख्या लगभग नगण्य सी ही है परंतु ट्रम्प प्रशासन द्वारा अब वीजा, एच1बी सहित, जारी करने वाले नियमों को और अधिक कठोर बनाया जा सकता है। अमेरिका में प्रतिवर्ष जारी किए जाने वाले कुल एच1बी वीजा में से 60 प्रतिशत से अधिक वीजा भारतीय मूल के नागरिकों को जारी किए जाते हैं। यदि इस संख्या में भारी कमी दृष्टिगोचर होती है तो अमेरिका में पढ़ रहे भारतीय छात्रों को, उनकी पढ़ाई सम्पन्न करने के पश्चात यदि एच1बी वीजा जारी नहीं होता है तो उन्हें भारत वापिस आने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस प्रकार अमेरिका से भी भारतीयों का रिवर्स ब्रेन ड्रेन दिखाई पड़ सकता है।

भारत आज पूरे विश्व में सबसे अधिक तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है, अतः



**_भारत में बहुत लम्बे समय से मजबूत लोकतंत्र बना हुआ है एवं केंद्र में एक मजबूत सरकार, उद्योग एवं व्यापार को भारत में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उद्योग एवं व्यापार के मित्रवत आर्थिक नीतियों को सफलतापूर्वक लागू कर रही है।_**

भारत में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास के कारण सूचना प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, उच्च तकनीकी क्षेत्रों, वाहन विनिर्माण उद्योग, फार्मा उद्योग, चिप विनिर्माण उद्योग, स्टार्ट अप, आदि क्षेत्रों में भारी मात्रा में रोजगार के नए अवसर निर्मित हो रहे हैं और भारत को इन क्षेत्रों में उच्च टेलेंट की आवश्यकता भी है। यदि कनाडा एवं अमेरिका से उच्च शिक्षा प्राप्त एवं उक्त क्षेत्रों में प्रशिक्षित इंजीनीयर्स भारत को प्राप्त होते हैं तो यह स्थिति भारत के लिए बहुत फायदेमंद होने जा रही है।

उक्त कारणों के अतिरिक्त आज अन्य देशों से भारत की ओर रिवर्स ब्रेन ड्रेन इसलिए भी होता दिखाई दे रहा है क्योंकि, भारत में आज मूलभूत सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। किसी भी दृष्टि से भारत का आधारभूत ढांचा आज किसी भी विकसित देश की तुलना में कम नहीं है। साथ ही, भारत में, विकसित देशों की तुलना में, मुद्रा स्फीति की दर कम होने से, सामान्य रहन सहन की लागत तुलनात्मक रूप से भारत में बहुत कम है। अतः भारत में अमेरिका एवं कनाडा की तुलना में शुद्ध बचत दर भी अधिक है। हाल ही के समय में भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में भी पर्याप्त सुधार हुआ है। आज बैंगलोर, मुंबई, हैदराबाद जैसे शहरों में बहुत ही कम लागत पर अमेरिकी अस्पतालों की तुलना में (अमेरिका की तुलना में तो 1/10 लागत पर) अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं। भारत के ग्रामीण इलाकों में तो शुद्ध हवा एवं शुद्ध पानी, जो स्वास्थ्य को ठीक बनाए रखने में सहायक होता है, पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। वरना, महानगरीय इलाकों में तो आज सांस लेना भी बहुत मुश्किल हो रहा है। विभिन्न देशों से उच्च शिक्षा प्राप्त एवं टेलेंटेड भारतीय जो भारत वापिस लौटे हैं, उन्होंने अपने नए प्रारम्भ किए गए स्टार्ट अप के कार्यालय दक्षिण भारत के ग्रामीण इलाकों में स्थापित किए हैं।

भारत में बहुत लम्बे समय से मजबूत लोकतंत्र बना हुआ है एवं केंद्र में एक मजबूत सरकार, उद्योग एवं व्यापार को भारत में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उद्योग एवं व्यापार के मित्रवत आर्थिक नीतियों को सफलतापूर्वक लागू कर रही है। इससे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की मात्रा में अपार वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है। विकसित देशों में नागरिकों की औसत आयु 50 वर्ष से अधिक हो रही है जिससे श्रमिकों की संख्या इन देशों में लगातार कम हो रही है एवं श्रम लागत में भी भारी मात्रा में वृद्धि हुई है जिसके कारण इन देशों में उत्पादन लागत बहुत अधिक बढ़ गई है। हाल ही के समय में चीन भी इस समस्या से ग्रसित पाया जा रहा है। केवल भारत एवं दक्षिणी अफ्रीकी देशों में ही श्रम लागत तुलनात्मक रूप से बहुत कम है। इसके कारण विश्व की कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयों की स्थापना भारत में करना चाहते हैं। भारत में उत्पादों का निर्माण कर इन उत्पादों को विश्व के अन्य देशों को निर्यात किया जा रहा है। भारत में आटोमोबाईल उद्योग, मोबाइल उद्योग एवं फार्मा उद्योग इसके जीते जागते प्रमाण हैं। इन्हीं कारणों से आज भारत से कई उत्पादों का निर्यात बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है एवं भारत का विदेशी व्यापार घाटा लगातार कम हो रहा है। विदेशी व्यापार घाटे में सुधार होने के चलते भारत में विदेशी मुद्रा भंडार में भी वृद्धि दृष्टिगोचर है जो हाल ही के समय में 70,000 अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को भी पार कर गया था। हालांकि, इसके बाद से इसमें कुछ गिरावट देखी गई है। आज विश्व के कई विकसित देशों में सामाजिक तानाबाना छिन्न भिन्न हो गया है एवं इन देशों के नागरिकों में मानसिक असंतोष की भावना लगातार बढ़ रही है एवं इन देशों की आधे से अधिक आबादी आज मानसिक बीमारियों से ग्रसित है। जबकि इसके ठीक विपरीत भारत में हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों के अनुपालन से एवं संयुक्त परिवार की जीवनशैली के चलते भारतीय नागरिक मानसिक बीमारियों से लगभग पूर्णतः मुक्त रहे हैं एवं सुखी जीवन व्यतीत कर रहे हैं। विकसित देशों के नागरिकों ने भौतिक विकास तो अधिक किया है परंतु मानसिक शांति खोई है। जबकि इस धरा पर जन्म लेने का उद्देश्य ही सुखी जीवन व्यतीत करना है न कि अपने आप को मानसिक बीमारियों से ग्रसित कर देना। इन्हीं कारणों के चलते आज विश्व के कई देशों के नागरिक हिंदू सनातन संस्कृति को अपनाने की ओर लालायित दिखाई दे रहे हैं और वे भारत में बसने के बारे में गम्भीरता से विचार कर रहे हैं। अतः विकसित देशों से भारत में रिवर्स ब्रेन ड्रेन आने वाले कल की सच्चाई है।

**– प्रहलाद सबनानी**
**सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक,**
**भारतीय स्टेट बैंक**

## वक्त के हाथों में (व्यंग्य)



हमारे मित्र फेसबुक पर उचित पाठ पढ़ाते हैं। उन्हें लगता है कि ऐसा करने से समाज में कुछ तो जागरुकता उगेगी। उन्हें पता है कि फेसबुक नामक किताब को अधिकांश पाठक घंटों पढ़ते हैं। सुबह सबसे पहले इसका एक या कई अध्याय जरूर पढ़ते हैं। रात को अच्छी नींद लेने के लिए कुछ खास मनपसंद हिस्सों का रसपान करते हैं। बीमार शरीर डॉक्टर के पास जाए और डॉक्टर कहे कि सुबह की सैर करें तो पार्क में ईमानदारी से टहलते हैं और जिम्मेदार इंसान की तरह रीलें भी देखते रहते हैं। सड़क पर चलते चलते दूसरों से टकरा जाते हैं लेकिन कुछ न कुछ जरूरी देखते रहते हैं। चलते चलते टाइप करते रहते हैं। अपने सुविचार और कुविचार नादान पाठकों को प्रेषित करते रहते हैं।

माफ करें बात कहीं और जा रही है। तो, हमारे एक मित्र ने एक दिन अपनी वाल पर एक शेर पेश किया 'मुझको मालूम है सच जहर लगे है सबको, बोल सकता हूं मगर होट सिए बैठा हूं'। एक पाठक ने लिखा 'शुभ विचार' तो दूसरे ने उन्हें सलाह भी दी 'बेहतर है होंठों को आराम से बंद रखना धीरे धीरे सीख लो'। उनकी बात सही है। समय बदल चुका है। अब तो चुप रहने का जमाना है। कोई भी व्यक्ति जिसकी नागरिक, सामाजिक, प्रशासनिक, राजनीतिक या आर्थिक जिम्मेदारी है अपने गलत काम पर प्रतिक्रिया नहीं चाहता बल्कि तालियां माँगता है। चाहता है, सफलता के घोडे पर सवार दूसरे दिमागों को रौंदता रहे। सब खड़े-खड़े मुस्कुराते रहें। कोई कुछ न कहे।

**बदल चुका वक्त अब चाहने लगा है कि हम सरकारी लोक विज्ञापन विभाग की तरह कार्य करें। विज्ञापन की डिजाइनिंग बढ़िया हो। शब्दावली प्रभाव पैदा कर दिल और दिमाग में घुस जाने वाली हो। विज्ञापन में प्रयोग किए रंग आंखों को भले लगने वाले हों।**

बदल चुका वक्त अब चाहने लगा है कि हम सरकारी लोक विज्ञापन विभाग की तरह कार्य करें। विज्ञापन की डिजाइनिंग बढ़िया हो। शब्दावली प्रभाव पैदा कर दिल और दिमाग में घुस जाने वाली हो। विज्ञापन में प्रयोग किए रंग आंखों को भले लगने वाले हों। उसमें प्रयोग किए सुन्दर चेहरे कृत्रिम बुद्धि द्वारा रचे गए हों। ऐसा दिखे कि एक बार मिली जिंदगी खूब आनंद से बीत रही है।

मित्र की फेसबुक वाल पर, उसी शेर को पढ़कर किसी ने सचाई का शेर छोड़ा, 'मैं सच कहूंगा मगर फिर भी हार जाऊंगा, वो झूट बोलेगा और लाजवाब कर देगा'।

बात तो सही है। जो बात डर कर जीने में है वह डराकर जीने में नहीं। डरकर जीने में सुरक्षा का अनुभव होता है। पता ही नहीं चल पाता कि अडोस पड़ोस में क्या हो रहा है। डराने में खतरे झेलने होते हैं। आंखें मीच लेने में और फायदा है। नजर नहीं आता कि सच को कितना नकारा जा रहा है। कानों में रुई डालने का भी फायदा है। कितनी ही किस्म की चीखें सुनाई नहीं देती। कान के परदे सुरक्षित रहते हैं। जबान बंद रखने से, खाना मुफ्त मिलता है। बिना मेहनत, खाते में नकदी आती है। वक्त के हाथों में खेलने का बहुत फायदा है रे।

**– संतोष उत्सुक**

## राशिफल

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष : त्रयोदशी | (विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
शारीरिक और मानसिक दबाव बना रहेगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
मानसिक स्थिति दबाव में रहेगी। बच्चों की सेहत को लेकर मन परेशान रहेगा। प्रेम में तू-तू मैं-मैं के संकेत हैं।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
गृह कलह के संकेत हैं। भूमि, भवन और वाहन की खरीदारी में परेशानी का अनुभव करेंगे।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
नाक, कान, गला की परेशानी होगी। व्यापार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। निवेश वर्जित रहेगा पर कुटुंबों से न उलझें। स्वास्थ्य मध्यम।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
ऊर्जा का स्तर घटता बढ़ता रहेगा। घबराहट, बेचैनी बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम, संतान ठीक है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
मानसिक स्थिति गड़बड़ रहेगी। सर में चोट-चपेट लग सकती है। नेत्र विकार संभव है। प्रेम, संतान सही है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
आय में उतार चढ़ाव बना रहेगा। भ्रामक समाचार की प्राप्ति होगी। यात्रा में कष्ट संभव है। मानसिक स्वास्थ्य गड़बड़ रहेगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
कोर्ट-कचहरी से बचें। पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। कुछ अधिकारियों से दंगे बाजी न करें।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
अपमानित होने का भय रहेगा। यात्रा में कष्ट संभव है। पूजा-पाठ में अतिवादी न बनें। स्वास्थ्य ठीक-ठाक, प्रेम, संतान अच्छा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
स्वयं के स्वास्थ्य पे और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। नौकरी-चाकरी की स्थिति मध्यम।

# आज यमुना प्राधिकरण पर किसानों का महा पड़ाव

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** आज संयुक्त किसान मोर्चा के महापड़ाव का ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर लगातार तीसरा



दिन रहा। आज महापड़ाव यमुना प्राधिकरण पर पहुंचेगा।

धरना प्रदर्शन महापडाव की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय सचिव राजे प्रधान ने की। महापड़ाव स्थल पर हजारों किसान मौजूद रहे जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रही। महापड़ाव स्थल को संबोधित करते हुए सिस्टम सुधार संगठन के नेता अंशुमान ठाकुर ने कहा कि महापड़ाव 10 प्रतिशत प्लाट, नए कानून के लाभ को लागू करने एवं कमेटी की सकारात्मक सिफारिशों को लागू करने तक लगातार जारी रहेगा। संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने बयान जारी करते हुए कहा कि महापड़ाव 28 नवंबर से 1 दिसंबर तक यमुना प्राधिकरण पर रहेगा। 2 दिसंबर को मांगे नहीं माने जाने पर दिल्ली कूच होगा। आगे बोलते हुए कहा कि सरकार के पास 1 दिसंबर तक का वक्त है वह किसानों के उक्त मुद्दों पर किसानों के पक्ष में फैसला ले अन्यथा सरकार पुलिस प्रशासन जिम्मेदार होंगे। गौरतलब है कि 25 नवंबर को 20000 की संख्या में किस ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर महापंचायत महापड़ाव में शामिल हुए थे। संसद सत्र के दौरान दिल्ली कूच का कार्यक्रम इसलिए किया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार किसानों के मुद्दों के प्रति उपेक्षा पूर्ण रवैया अपनाए हुए हैं प्राधिकरण के अधिकारी हल होने लायक मुद्दों को भी हल नहीं करते हैं किसानों में भारी रोष है। 3~50 लाख से अधिक किसान 10 प्रतिशत आबादी प्लाट के मुद्दे से प्रभावित हैं। संयुक्त किसान मोर्चा मुद्दों को हल करने के लिए कटिबद्ध है संयुक्त किसान मोर्चा में 10 संगठन शामिल हैं।

इस अवसर भारतीय किसान परिषद, अखिल भारतीय किसान सभा, भारतीय किसान यूनियन टिकैत, भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत, भारतीय किसान यूनियन अजगर, जय जवान जय किसान मोर्चा, भारतीय किसान यूनियन कृषक शक्ति, किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा, सिस्टम सुधार संगठन, किसान एकता संघ है। इसके अलावा किसान यूनियन भानू किसान यूनियन मंच, जनवादी महिला समिति एवं अन्य किसान एवं सामाजिक संगठन आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं समाजवादी पार्टी ने भी आंदोलन के समर्थन में अपना पत्र जारी किया है।

# मुख्य अभियंता ने चेक किए विद्युत कनेक्शन





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** विद्युत निगम के मुख्य अभियंता द्वारा सैक्टर-47 उपकेंद्र के अंतर्गत बरौला गांव के विद्युत बकायादारों की समीक्षा कर अधीनस्थ अधिकारियों को फटकार लगाई ।

बताया जाता है कि कल विद्युत नगरीय वितरण खंड पंचम के अंतर्गत बरौला गांव के बड़े बकायादारों के कनेक्शन चेक किया गया जिसमें रितवन होटल की सप्लाई कटी पाई, उसके अलावा एक दर्जन कनेक्शन चेक किया और हार्ड कैस को भी डिस्कनेक्ट कराए लगभग 10 लाख रुपया भी जमा कराया।

इस अभियान में मुख्य अभियंता हरीश बंसल,अधीक्षण अभियंता विवेक पटेल, अधिशासी अभियंता शैलेश कुमार शर्मा, एसडीओ अजय सिंह, जेई अनिल कुमार आदि लोग मौजूद थे।

# अतुल शर्मा की घर वापसी में भाजपा के चाणक्य की भूमिका अहम

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** वर्ष- 2014 में भाजपा से अनुशासनहीनता के आरोप में निष्कासित किए गए जिला कलेक्टर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष अतुल शर्मा की घर वापसी अब हो चुकी है। इस घर वापसी में भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई के चाणक्य माने जाने वाले सुत्याना गांव के एक भाजपा नेता के प्रयास से यह कार्य संभव हो पाया है।



बताया जाता है कि 2014 में अनुशासनहीनता के आरोप में अतुल शर्मा एडवोकेट को भारतीय जनता पार्टी ने निष्कासित कर दिया था। उसके बाद से अतुल शर्मा ने कई बार पार्टी में वापसी को लेकर प्रयास किया लेकिन बात नहीं बन पाई यहां तक कि इस प्रयास में जेवर के विधायक ने भी काफी प्रयास किया था परंतु सफलता हाथ नहीं लगी।

गत 10 वर्षों का समय बीत जाने के बाद जब मामला नहीं बन पाया तो सुत्याना गांव के एक वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पार्टी के चाणक्य कहे जाने वाले नेता ने प्रयास करना शुरू कर दिया और अंतोगत्वा भाजपा के जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी ने अतुल शर्मा को पार्टी की पुन: सदस्यता दिलाकर भाजपा में शामिल कर लिया।

सूत्र बताते हैं कि उक्त भाजपा के चाणक्य क्षेत्रीय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा एवं दादरी के विधायक तेजपाल सिंह नागर के अति निकट एवं करीबी बताए जाते हैं उनके ही प्रयास से सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने अतुल शर्मा की वापसी को लेकर अपनी सहमति दी थी तब जाकर अतुल शर्मा की वापसी हो पाई, लेकिन देखना अब यह है कि अतुल शर्मा की वापसी तो हो गई है, लेकिन उन्हें पार्टी में कोई पद मिलता है या नहीं यह तो आने वाला समय बताएगा।

# अपनी सांस्कृति को बचाना बहुत जरूरी : पं रत्नाकर मिश्र

मिर्जापुर। मां विंध्यवासिनी के पावन धाम में विधायक निवास पर मिर्जापुर की सांस्कृतिक विरासत पर आधारित पुस्तक धविंध्य शिखर मिर्जापुर' का विमोचन समारोह एवं पुस्तक परिचर्चा मंगलवार की शाम बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र के कर कमलों द्वारा जिले के वरिष्ठ साहित्यकारों एवं संभ्रांत नागरिकों की गरिमामई उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में पुस्तक के उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा इसे अपनी खोती जा रही संस्कृति को बचाए रखने के लिए आवश्यक बताया और कहा कि हम अपने पुराने आदर्शों को न भूलें।

हिंदी श्री साहित्य संस्थान मिर्जापुर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत चर्चित साहित्यकार आनंद अमित के सरस्वती वंदना एवं मां विंध्यवासिनी की आराधना से हुआ। मिर्जापुर के मूल निवासी एवं गाजियाबाद में निवासरत इस पुस्तक के लेखक डॉ मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर ने मुख्य अतिथि, अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य सभी अतिथियों का अंगवस्त्रम भेंटकर सम्मान किया। मुख्य अतिथि ने इस पुस्तक के लेखक डॉ मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव को अंग वस्त्रम से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे साहित्यकार आनंद अमित ने सभी अतिथियों का परिचय, स्वागत एवं पुस्तक के प्रकाशन पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने पुस्तक विमोचन कर पुस्तक के संदर्भ पर विस्तृत





रूप से अपने विचार व्यक्त किया और बहुत सी बातें उन्होंने उपस्थित श्रोताओं के समक्ष रखी। मुख्य अतिथि ने कहा कि जिस मां विंध्यवासिनी की महिमा का वर्णन देवता लोग भी नहीं कर सकते, उनका वर्णन हम मनुष्य लोग क्या कर पाएंगे। उन्होंने आज सांस्कृतिक चेतना के लुप्त होने पर चिन्ता व्यक्त की।

परिचर्चा के क्रम में राजीव मिश्रा, तरुण पांडेय, अनिल मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि राजपति ओझा ने साहित्यिक विमर्श में भाग लिया। प्रारम्भ में लेखक ने पुस्तक की प्रस्तावना, उद्देश्य एवं रूपरेखा पर प्रकाश डाला तथा स्पष्ट किया कि जिस जिले में मां विंध्यवासिनी, मां अष्टभुजा एवं मां काली एक साथ विराजमान हों, उस जिले का वर्णन किसी एक लेखक द्वारा संभव नहीं है, इसके लिए साहित्यकारों एवं विद्वानों की पूरी टीम को वर्षों तक लिखना पड़ सकता है।

साहित्यकार आनंद अमित ने अपनी गीतों से सबको आकृष्ट कर आनंद की अनुभूति कराई। उन्होंने बताया कि इस पुस्तक में तहसील, ब्लॉक, ग्राम, नदी, तालाब, झरना, डैम, धार्मिक स्थल, चुनार किला, उद्योग धंधों आदि सहित प्राकृतिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, धार्मिक आदि सांस्कृतिक विरासत का वर्णन संक्षिप्त में किया गया है, जो पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी है। विमोचन समारोह में पंडित सुधाकर मिश्र, पंडित पद्माकर मिश्र, विपिन पांडेय, अंकित दूबे, मनीष रावत, आनंद मिश्रा, मोहित मिश्रा, महेंद्र पांडेय, संदीप आदि संभ्रांत नागरिकों की गरिमामई उपस्थिति रही।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पंडित रत्नाकर मिश्र ने सभी पधारे हुए अतिथियों को श्रीमद भगवतगीता की पुस्तक अपनी ओर से भेंट स्वरूप प्रदान की।

# महेश चंद शर्मा ने ठोंकी भाजपा जिलाध्यक्ष की दावेदारी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता तथा पिछले तकरीबन दो दशकों से क्षेत्र की राजनीति में सक्रिय महेश चंद्र शर्मा ने अब भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष की दावेदारी ठोकी है।



क्षेत्र के हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्रवासियों के अनुरोध पर अब महेश चंद्र शर्मा भी जिला अध्यक्ष की दौड़ में शामिल हो गए हैं। मालूम हो कि महेश चंद शर्मा पार्टी के अलावा समाज सेवा क्षेत्र में भी काफी सक्रिय है उनकी इसी सक्रियता के कारण भाजपा की कई बड़े नेता भी उनसे काफी खुश रहते हैं।

क्षेत्र के लोगों को पूरा विश्वास है कि हाई कमान महेश चंद्र शर्मा को इस पद के लिए योग मानते हुए उनको अपना आशीर्वाद जरूर प्रदान करेंगे।

बताया जाता है कि वर्तमान में महेश शर्मा ग्रेटर नोएडा मंडल के अध्यक्ष पद पर हैं और क्षेत्रीय सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा तथा दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर के अति करीबी भी माने जाते हैं। क्षेत्रीय सांसद डा. महेश शर्मा का पूरा आशीर्वाद इनके ऊपर है।

सूत्र बताते हैं कि यदि ब्राह्मण समाज से जिलाध्यक्ष की ताजपोशी होती है तो उसमें मंडलअध्यक्ष महेश चंद शर्मा का नाम सबसे ऊपर है। हालांकि 30 दिसंबर के पहले स्थिति स्पष्ट हो जाएगी कि कौन जिलाध्यक्ष बनता है।

बताया जाता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में जहां पर भारतीय किसान यूनियन ने हर गांव में तहलका मचा रखा था। वहीं पर मंडल अध्यक्ष रहते हुए महेश शर्मा ने लोकसभा के प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा को 11 मंडलों में सर्वाधिक वोट दिलवाने में भी कामयाबी हासिल की। उनके साथ में बिसरख मंडल भी रहा। महेश शर्मा श्री धार्मिक रामलीला कमेटी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर आसीन हैं। वहीं 2019-22, 24 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ग्रेटर नोएडा मंडल के सभी बूथों पर विजयश्री हासिल की थी।





## पृष्ठ एक के शेष....

**प्रियंका ने हाथ में संविधान ...**

वायनाड से चुनाव जीतीं प्रियंका गांधी ने संविधान की किताब हाथ में लेकर शपथ ली। इससे पहले प्रियंका गांधी के भाई राहुल गांधी ने भी संविधान की पुस्तक हाथ में लेकर शपथ ली थी। प्रियंका के शपथ लेने से पहले कांग्रेस सांसदों ने बैठक की। बैठक के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रियंका गांधी को आशीर्वाद भी दिया।

प्रियंका गांधी ने सांसद के रूप में शपथ ले ली है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें शपथ दिलाई। इसके साथ ही देश की संसद में गांधी परिवार के एक और सदस्य का प्रवेश हो गया है। प्रियंका गांधी नेहरू परिवार की 16वीं सदस्य हैं जो लोकसभा के लिए निर्वाचित हुई हैं। देश के संसदीय इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ जब लोकसभा में गांधी परिवार का कम से कम एक सदस्य न पहुंचा हो। ऐसे भी मौके आए हैं जब गांधी-नेहरू परिवार से जुड़े 5-5 सदस्य लोकसभा में एक साथ पहुंचे।

**शपथ लेने पर....**

उन्होंने राजनीतिक सफर काफी पहले शुरू करने के तकरीबन 26 साल बाद एक सांसद के तौर पर शपथ ली है। यह एक समर्पण, त्याग की भावना और सेवा को दर्शाता है। इस मौके पर महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा के पूर्व अध्यक्ष शहाबुद्दीन, युवा कांग्रेस गौतमबुद्धनगर जिलाध्यक्ष जावेद खान, मोहम्मद दराज,अनीश, बंटू, बबलू, संजू, प्रेम,दिवाकर, श्रवण कुमार यादव, अर्जून व अन्य लोग मौजूद रहे।

**नोएडा में 212 करोड़ ....**

ये पैसा नोएडा प्राधिकरण खर्च करेगा। दिसंबर में आरएफपी प्रक्रिया की जाएगी। चयनित होने वाली कंपनी का काम सीसीटीवी कैमरों को इंस्टॉल करना, ऑपटिकल फाइबर लाइन डालना, पोल और उसकी मॉनिटरिंग की ट्रैनिंग देना होगा। इस को 6 से 9 महीने में पूरा किया जाएगा। संभवत: ये योजना 2025 तक पूरी होगी।

**पुलिस ने दी है 561 लोकेशन**

सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत जिन स्थानों की सूची पुलिस विभाग ने दी। उसमे बाजार, सरकारी निजी स्कूल, ब्लैक स्पाट और भीड़ भाड़ वाले इलाके मेट्रो स्टेशन , बस स्टैंड , मॉल्स के बाहर स्थान शामिल है। सेफ सिटी परियोजना के तहत गौतमबुद्ध नगर को दो हिस्सों में बांटा गया है। पहला नोएडा और दूसरा ग्रेटरनोएडा। यानी सीसीटीवी कैमरों का पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर दोनों प्राधिकरण (नोएडा प्राधिकरण और ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण) बनाएंगे। और इसका संचालन पुलिस विभाग की ओर से किया जाएगा।

**जमीनी विवाद में ....**

जैसे ही बस फ्लाईओवर के नीचे नॉलेज पार्क 02 क्षेत्र में पहुँची, बस में सवार व्यक्ति हिम्मत सिंह निवासी मंगरौली थाना जेवर को आरोपी सुन्दर सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी मंगरौली ने जान से मारने की नियत से तमंचे से गोली मार दी। गोली हिम्मत के सिर में लगी है। गोली लगने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल हिम्मत सिंह को पुलिस ने इलाज के लिए निजी कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें खतरे से बाहर बताया है। बताया जा रहा है कि हिम्मत अपनी माँ जुगेन्द्र कौर के साथ जा रहा था। इस दौरान सुंदर ने उसे गोली मारी। सुंदर और जोगेन्द्र कौर के बीच जमीनी विवाद चल रहा है। जिसके चलते इस घटना को अंजाम दिया गया।

पुलिस ने जुगेंद्र कौर की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा-109 (हत्या करने के प्रयास के लिए) और आर्म्स एक्ट की धाराएं 3/25/27 के तहत मामला दर्ज किया था। टीम ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया, जो घटना के बाद फरार हो गया था।

**अमित शाह से नही....**

केजरीवाल ने प्रेसवार्ता में कहा कि दिल्ली की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। लूट, फिरौती, गैंगवार और दुष्कर्म जैसी घटनाएं दिल्ली की पहचान बन गई है। 10 साल पहले दिल्ली वालों ने हमें स्कूल, हॉस्पिटल और अन्य व्यवस्थाएं सुधारने की जिम्मेदारी दी।

कुछ हमने पूरी कर दी और कुछ पूरी करने में लगे हैं। कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी जनता ने देश के गृह मंत्री अमित शाह को दी, लेकिन वो इसे पूरा करने में लगातार फेल हो रहे हैं। अमित शाह अपने घर के 20 किलोमीटर के दायरे में भी अपराध नहीं रोक पा रहे तो देश क्या संभालेंगे। उन्होंने कहा अमित शाह को केजरीवाल को रोकने के बजाए दिल्ली में अपराध को रोकना चाहिए।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं०: DCE-BL-18-2024**

अधिशासी अभियन्ता/पुल/चालू लाईन/पूर्वोत्तर रेलवे/ गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमन्त्रित करते है- **क्र०सं०:-1., ई-निविदा सं०:-DCE-BL-18-2024, कार्य का विवरण:-** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मण्डल के 18 नग पुलों पर साईड पाथवे का प्रावधान।, **अनुमानित लागत (₹):-** 2,72,73,194.51, **बयाने की राशि (₹):-** 2,86,400.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** - शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन अवधि** - 18 (अट्ठारह) माह, • ई-निविदा खुलने की तिथि दिनांक 20.12.2024 को 11.00 बजे, • ई-निविदा की प्राप्ती की तिथि दिनांक 20.12.2024 को 10.59 बजे, • ई-निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता/पुल/चा०ला०

मुजाधि/डब्लू-315 गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

**नौएडा** | नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण

मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.com

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शाई गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबंध में समस्त विवरण व शर्ते नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक वेबसाइट www.noidaauthorityonline.in एवं https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

1. 09/मैनेजर सिस्टम/AMC-Completion Software/2024-25, AMC for Online Occupancy/Completion Certificate Software of Noida Properties. धनराशि रू0 11.61 लाख | Inclusive of GST@18%

उपरोक्त निविदाओं को दिनांक **04.12.2024** को **5.00** बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनाँक **05.12.2024** को **11.00** बजे खोली जायेंगी।

**"महत्वपूर्ण सूचना-**

नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में शासन से स्वीकृत मास्टर प्लान एवं उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम, 1976 के विपरीत प्लॉटिंग या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह अवैध है। जनसामान्य को आगाह किया जाता है कि इस प्रकार की अवैध कॉलोनियों एवं अवैध निर्मित भवनों में भूखण्डों/अपार्टमेंट/दुकान/गोडाऊन/फार्महाउस की खरीद-फरोख्त से पूर्णत: सचेत रहें तथा कॉलोनाईजर के लुभावने एवं भ्रामक विज्ञापनों से बचे। साथ ही नौएडा अधिसूचित क्षेत्र के हिण्डन एवं यमुना नदियों के डूब क्षेत्र **(Flood Plain Zone)** में अनधिकृत/अवैध प्लॉट एवं फार्म हाऊसों के कारोबार में संलिप्त भूमाफियाओं के चंगुल में न फंसे।"

प्रबन्धक (सिस्टम)

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

# भारत में 5जी सब्सक्रिप्शन 2030 तक 970 मिलियन होगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत में 5जी सब्सक्रिप्शन 2030 के आखिर तक करीब 970 मिलियन तक पहुंच सकता है, जो कुल मोबाइल सब्सक्रिप्शन का 74 फीसदी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस साल के अंत तक 5जी सब्सक्रिप्शन 270 मिलियन से ज्यादा हो जाने का अनुमान है, जो इस सेक्टर में कुल मोबाइल सब्सक्रिप्शन का 23 फीसदी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत में प्रति स्मार्टफोन औसत मासिक उपयोग सबसे ज्यादा है, जो 32 जीबी है और 2030 तक इसके 66 जीबी तक बढ़ने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने बड़े पैमाने पर मिड-बैंड को स्थापित किया है और 2024 के आखिर तक इसके करीब 95 फीसदी जनसंख्या कवरेज तक पहुंचने की उम्मीद है। एरिक्सन के नेटवर्क समाधान, सॉफ्टवेयर और प्रदर्शन प्रमुख ने कहा कि जेनएआई के कंज्यूमर अपटेक के साथ ट्रैफिक बेस लाइन में बढ़ोतरी होगी। भारत में पहले से प्रति स्मार्टफोन औसत मासिक उपयोग 32 जीबी है, जो 13 फीसदी सीएजीआर के साथ बढ़ रहा है और 2030 तक 66 जीबी तक पहुंच जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक 67 फीसदी 5जी स्मार्टफोन यूजर्स अगले पांच सालों में साप्ताहिक आधार पर जेनएआई एप का इस्तेमाल करेंगे। नई एरिक्सन कंज्यूमरलैब रिसर्च के मुताबिक तीन में से एक जेन जेड स्मार्टफोन यूजर का कहना है कि वे 5जी नेटवर्क पर ज्यादा बेहतर जेन एआई का अनुभव की उम्मीद करते हैं। इस रिसर्च में भारत में विश्वसनीय कनेक्टिविटी की बढ़ती मांग पर भी प्रकाश डाला गया है, जिसमें पिछले साल की तुलना में टियर तीन शहरों में 5जी कनेक्टिविटी से उच्च संतुष्टि की रिपोर्ट करने वाले यूजर्स की हिस्सेदारी दोगुनी हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक छह में से एक 5जी यूजर, यूजर इवेंट स्थलों पर तय कनेक्टिविटी के लिए अपने वर्तमान मासिक मोबाइल खर्च का 20 फीसदी भुगतान करने को तैयार हैं। एरिक्सन के कंज्यूमर लैब के प्रमुख ने कहा कि युवा पीढ़ी के एआई यूजर्स पहले से ही 5जी नेटवर्क पर ज्यादा बेहतर एआई की मांग कर रहे हैं। यह कम्युनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर्स के लिए बेहतर कनेक्टिविटी एक्सपीरियंस के जरिए इस मांग को पूरा करने का अवसर दिखाता है।




- यूजर्स अगले पांच सालों में जेनएआई एप का करेंगे इस्तेमाल
- भारत में प्रति स्मार्टफोन औसत मासिक उपयोग सबसे ज्यादा है, जो 32 जीबी है और 2030 तक इसके 66 जीबी तक बढ़ने की उम्मीद है
- रिपोर्ट के मुताबिक इस साल के अंत तक 5जी सब्सक्रिप्शन 270 मिलियन से ज्यादा हो जाने का अनुमान

## सुमित कौल तेनाली रामा में खलनायक की भूमिका निभाएंगे



**मुंबई।** सोनी सब का लोकप्रिय शो तेनाली रामा में एक नया किरदार गिरगिट का जिसे सुमित कौल निभाएंगे। गिरगिट का एक जटिल किरदार है, जिसका भेस बदलने का हुनर और चालाक स्वभाव उसे प्रिय दरबारी तेनाली रामा के लिए एक बड़ी चुनौती बनाता है। जो हमेशा एक कदम आगे रहता है और जिसे पहचानना लगभग असंभव है। इस भूमिका पर सुमित कौल ने कहा, गिरगिट एक अनूठा किरदार है। जटिलताओं से घिरा हुआ, हमेशा साजिशें रचने वाला और अप्रत्याशित हरकत करने वाला। गिरगिट को जो चीज वास्तव में आकर्षक बनाती है, वह है भेस बदलने की उसकी महारत। चाहे वह साफ नजरों में छिपा हो या छाया से काम कर रहा हो, गिरगिट की उपस्थिति हमेशा एक खतरा है।

## खास खबर

### टेस्ला अब तक नहीं बेच पाई अपनी पहली कार

**नई दिल्ली।** चीनी कंपनियां जैसे बीवाईडी और एमजी मोटर धड़ल्ले से इलेक्ट्रिक गाड़ियां बेच रही हैं लेकिन एलन मस्क की कंपनी टेस्ला अब तक अपनी पहली कार भी नहीं बेच पाई है। बीवाईडी पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वाहनों पर केंद्रित है और अपनी ब्लेड बैटरी टेक्नोलॉजी के कारण लोकप्रिय है। एमजी मोटर ने अपनी इंटरनेट और एआई असिस्टेंट फीचर्स से लैस एसयूवी के साथ बाजार में मजबूत पकड़ बनाई है। ये दोनों कंपनियां भारत में कार निर्माण और असेंबलिंग कर रही हैं, जिससे उन्हें सरकार की ईवी नीति का पालन करने में आसानी होती है। टेस्ला की भारत में एंट्री पर सरकार की नई ईवी नीति सबसे बड़ी बाधा है। इस नीति के तहत कंपनी को भारत में 500 मिलियन डॉलर (करीब 4150 करोड़ रुपये) का निवेश करना होगा। इसके अलावा, 5 वर्षों में 50 प्रतिशत घरेलू उपकरणों का उपयोग अनिवार्य है। टेस्ला ने भारत में प्लांट लगाने की बजाय चीन से बनी गाड़ियां आयात कर बेचने का प्रस्ताव दिया था, जिसे सरकार ने खारिज कर दिया।

### गोदरेज प्रोफेशनल का स्पॉटलाइट लांच

**मुंबई।** गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) के पेशेवर हेयर केयर ब्रांड गोदरेज प्रोफेशनल ने स्पॉटलाइट लॉन्च किया है। यह पहल देश के हेयर स्टाइलिस्टों को अपनी रचनात्मकता दिखाने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगी। इस कार्यक्रम के तहत तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाशाली हेयर स्टाइलिस्टों को सम्मानित किया जाएगा और पांच लाख रुपए तक के वित्तपोषण के साथ उनकी पेशेवर आकांक्षाओं को बढ़ावा दिया जाएगा। देशभर से मिली प्रविष्टियों में से 30 हेयर स्टाइलिस्टों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा और दिसंबर में गोदरेज प्रोफेशनल स्पॉटलाइट ग्रैंड फिनाले के लिए मुंबई भेजा जाएगा, जहां वे एक भव्य हेयर शो में अपने क्यूरेटेड लुक का प्रदर्शन करेंगे। इस उद्योग से जुड़ी हस्तियों वाला निर्णायक मंडल विजेताओं का चयन करेगा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिस्पर्धी को 5 लाख रुपए की धनराशि के साथ-साथ किसी सेलिब्रिटी के साथ काम करने का मौका मिलेगा। दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिस्पर्धियों को क्रमशः 2.5 लाख रुपये और 1.5 लाख रुपए मिलेंगे।

### सोने और चांदी की कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में सोने और चांदी की कीमतें बढ़ी हैं। वहीं वायदा भाव में भी तेजी आई है। आज सुबह सोने के वायदा भाव 75,700 रुपये के करीब जबकि चांदी के वायदा भाव 88,600 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी की वायदा कीमतों में भी उछाल आया है। इसमें सोने के वायदा भाव बढ़त पर शुरू हुए। वहीं मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सोने का बेंचमार्क दिसंबर अनुबंध आज 448 रुपये ऊपर आकर 75,659 रुपये के भाव पर खुला। एक समय यह अनुबंध 490 रुपये उछलकर 75,701 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। ये 75,730 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 75,645 रुपये के भाव पर दिन के निचले स्तर पर पहुंचा। सोने के वायदा भाव इस साल 79,775 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे।

### एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का आईपीओ शुरू

**नई दिल्ली।** एनटीपीसी की रिन्यूएबल एनर्जी सब्सिडियरी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के आईपीओ ने बुधवार को शेयर बाजार में डेब्यू किया। बीएसई पर कंपनी के शेयर 111.60 रुपए प्रति शेयर पर लिस्ट हुए। इसके इश्यू प्राइस 108 रुपए की तुलना में सिर्फ 3.33 फीसदी या 3.60 रुपए का प्रीमियम दिखाता है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर शेयरों की लिस्टिंग 111.60 रुपए प्रति शेयर पर हुई, जो इश्यू प्राइस से 3.24 फीसदी या 3.50 रुपए ज्यादा रही। इस लिस्टिंग का प्रदर्शन ग्रे मार्केट की उम्मीदों के अनुरूप रहा। लिस्टिंग से पहले ग्रे मार्केट में एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के अनलिस्टेड शेयर इश्यू प्राइस पर 1 रुपए के मामूली प्रीमियम पर ट्रेड हो रहे थे।

### उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

# निवेशकों को 4.82 लाख करोड़ का मुनाफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज बढ़त के साथ बंद हुए। आज के कारोबार की शुरूआत मामूली तेजी के साथ हुई थी। दिन के पहले सत्र में बाजार पर बिकवाली का दबाव बना रहा, लेकिन दोपहर 12 बजे के बाद खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार ने रफ्तार पकड़ ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.29 प्रतिशत और निफ्टी 0.33 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज के कारोबार के दौरान रियल्टी, फार्मास्यूटिकल और आईटी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। दूसरी ओर एनर्जी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और मेटल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसके अलावा ऑयल एंड गैस, ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.18 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 444.57 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 439.75 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 4.82 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।



# न्याय शास्त्र के नाम से लॉ कम्युनिटी का वर्चुअल उद्घाटन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बुधवार को न्याय शास्त्र के नाम से लॉ कम्युनिटी का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। न्याय शास्त्र का मुख्य उद्देश्य कानून के क्षेत्र में जागरूकता कानून के छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं, इंटर्नशिप, वेबीनार, वर्कशॉप, शॉर्ट सर्टिफिकेट कोर्स इत्यादि आयोजित करना तथा अन्य संसाधन प्रदान करना है जिसके माध्यम से कानूनी शिक्षा को रिसर्च और प्रैक्टिकल बेस्ड बनाया जा सके। उद्घाटन के मौके पर पूर्व आयोजित फर्स्ट न्यायशास्त्र ऑनलाइन आर्टिकल राइटिंग कंपटीशन के विजेताओं को सम्मानित किया गया और फर्स्ट न्याय शास्त्र रील मेकिंग कंपटीशन को लॉन्च किया गया। भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता के ऊपर 1 महीने की शॉर्ट सर्टिफिकेट कोर्स लॉन्च की गई जिसके लिए रजिस्ट्रेशन 28 नवंबर से प्रारंभ होंगे। साथ ही न्याय शास्त्रके द्वारा एक मासिक लॉ जर्नल विधिका की भी घोषणा की गई जिसका प्रथम संस्करण 01 अप्रैल 2025 को प्रकाशित होगा। इस मौके पर चीफ गेस्ट के तौर पर इक्फाई यूनिवर्सिटी मिजोरम के कलपति डॉ बिजय सिंह, इंटरनेशनल क्रिमिनल लॉयर मिस डायना कांस्टेनटिनीडी, यूएनडीपी की प्रोग्राम एनालिस्ट मिस यूसरा मुमताज, झारखंड सरकार की लॉ एग्जीक्यूटिव मिस त्रिशी पांडे, रौनकें चैरिटेबल ट्रस्ट की फाउंडर वसुंधरा अग्रवाल, महिंद्रा ऐंड महिंद्रा फाइनेंस लिमिटेड के लीगल मैनेजर कुस्मंकर श्रीवास्तव, लॉलीसीयस कमीटी के फाउंडर विवेक दीक्षित उपस्थित रहे तथा न्याय शास्त्र की ओर से उसके फाउंडर विश्वजीत कुमार तिवारी को-फाउंडर माधव कुमार उपस्थित रहे।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारतीय सड़कों पर एक लाखवां अर्बन क्रूजर हाइराइडर होने का मनाया जश्न




एजेंसी

**जमशेदपुर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने घोषणा की कि भारत में अर्बन क्रूजर हाइराइडर की 1,00,000 गाड़ियों की बिक्री की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर ली गई है। यह उपलब्धि बाजार में बी-एसयूवी की मजबूत स्वीकार्यता और भारतीय ग्राहकों में हाइब्रिड तकनीक को अपनाने के बढ़ते रुख को रेखांकित करती है। जुलाई 2022 में लॉन्च की गई अर्बन क्रूजर हाइराइडर में टोयोटा की विश्वस्तरीय हाइब्रिड तकनीक को बेहतरीन डिजाइन, प्रीमियम आराम और बेहतरीन प्रदर्शन के साथ जोड़ा गया है। यह तीन पावरट्रेन में उपलब्ध है- सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक (एसएचईवी), नियो ड्राइव और सीएनजी पावरट्रेन। सेल्फ चार्जिंग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों में यह 27.97 किमी/ लीटर तक, नियोड्राइव (एमटी) में 21.12 किमी/लीटर और सीएनजी मोड में 26.6 किमी/किलोग्राम तक है।

# शुद्धता की लड़ाई में टाटा नमक की जीत

❖ 100 नमक के लेबोरेटरी टेस्ट में टाटा नमक को सबसे शुद्ध माना गया

एजेंसी

**मधुबनी/मुज्जफरपुर।** टाटा नमक, 1983 से भारत का प्रमुख आयोडीन युक्त नमक ब्रांड रहा है और इसने अपने प्रोडक्ट की शुद्धता की अपनी विरासत को कायम रखा है। लेबोरेटरी में हुए टेस्ट के दौरान, टाटा नमक देश भर के 100 नमक में सबसे शुद्ध नमक के रूप में उभरा है। इससे टाटा नमक, देश में शुद्धता और क्वालिटी के मानक के रूप में स्थापित होता है। टाटा नमक, बेहतरीन क्वालिटी मुहैया कराने के प्रति प्रतिबद्ध रहा है और यह नमक उद्योग में श्रेष्ठता का प्रतीक है। इस पहल के जरिये, टाटा नमक, आत्मविश्वास से अपनी श्रेष्ठता का दावा करता है, जिसकी तुलना देश भर के नमकों से की जाती है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स में अध्यक्ष, पैकेज्ड फूड्स-इंडिया, दीपिका भान ने अपनी टिप्पणी में कहा, टाटा नमक की शुद्धता और क्वालिटी के प्रति प्रतिबद्धता इस बात का प्रमाण है कि हम बिहार के लोगों के हित के प्रति समर्पित हैं। ब्रांड ने इस क्षेत्र में नमक की क्वालिटी के लिए स्वर्णिम मानक स्थापित किए हैं। कड़े मानकों और प्रोडक्ट की क्वालिटी पर ध्यान देकर, हम यह प्रयास करते हैं कि बिहार के हर घर में सही मात्रा में आयोडीन और सिर्फ बेहतरीन क्वालिटी वाला नमक ही पहुंचे। टाटा नमक वैज्ञानिक परीक्षण का समर्थक है और क्वालिटी को प्राथमिकता देता है। ब्रांड की इस प्रतिबद्धता से उपभोक्ताओं को वह भरोसा और आश्वासन मिलता है जिसके वे हकदार हैं और यह पहल टाटा साल्ट को भी इस क्षेत्र में शुद्धता के प्रतीक के रूप में स्थापित करती है।




### अडानी पर लगे रिश्वत के आरोप गलत, खबर सुनते ही शेयरों में आया उछाल

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े उद्योगपति गौतम अडानी और उनके भतीजे सागर अडानी पर रिश्वतखोरी के मामले में अमेरिका के विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम (एफसीपीए) के उल्लंघन का कोई आरोप नहीं लगाया गया है। अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने बुधवार को जानकारी दी है। इसके खबर बाद अडानी ग्रुप के शेयरों में तेजी आ गई। अडानी एंटरप्राइजेज, अडानी ग्रीन एनर्जी, अडानी पावर, अडानी टोटल गैस, अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस, अंबुजा सीमेंट्स, अडानी विल्मर, अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन और एनडीटीवी के शेयरों में तेजी आई। बता दें बंदरगाहों से लेकर ऊर्जा तक के कारोबार से जुड़े समूह के संस्थापक चेयरमैन गौतम अडानी, सागर अडानी और प्रमुख कार्यकारी अधिकारी विनीत जैन पर अमेरिकी न्याय मंत्रालय ने आरोप लगाया है।

# डीएसपी म्यूचुअल फंड ने किया डीएसपी बिजनेस साइकिल फंड लांच

एजेंसी

**रांची।** डीएसपी म्यूचुअल फंड ने डीएसपी बिजनेस साइकिल फंड लॉन्च करने की घोषणा की है, जो बिजनेस साइकिल-आधारित निवेश थीम पर आधारित एक ओपन-एंडेड इक्विटी है। यह फंड निवेशकों को बड़ी, मध्यम और छोटी कैप कंपनियों सहित विभिन्न बाजार पूंजीकरणों में निवेश करने का अवसर प्रदान करता है। निवेश रणनीति उद्योगों और क्षेत्रों में परिसंपत्तियों को गतिशील रूप से आवंटित करने पर केंद्रित है जो मजबूत विकास क्षमता, बुनियादी बातों में सुधार और आकर्षक मूल्यांकन प्रदर्शित करते हैं। डीएसपी बिजनेस साइकिल फंड उच्च विकास या टर्नअराउंड क्षमता वाले उद्योगों और कंपनियों का चयन करने के लिए एक रूपरेखा-संचालित दृष्टिकोण का उपयोग करता है। यह अपसाइकल के दौरान क्षेत्रों में सक्रिय आवंटन की अनुमति देता है जबकि नकद कॉल और अन्य जोखिम प्रबंधन रणनीतियों को भी लागू करता है। मजबूत उद्योग चक्रों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित करके, फंड बाजार पूंजीकरण में एक अप्रतिबंधित निवेश दृष्टिकोण प्रदान करता है, जिससे निवेशकों को कंपनी के आकार की परवाह किए बिना विकास के अवसरों में भाग लेने में सक्षम बनाया जाता है। डीएसपी म्यूचुअल फंड के फंड मैनेजर चरणजीत सिंह ने कहा, थीम में प्रवेश और निकास का समय निवेशकों के लिए मुश्किल हो सकता है और कभी-कभी गलतियाँ हो सकती हैं। किसी क्षेत्र से बाहर निकलने के बाद पूंजी को फिर से लगाना भी गहन मूल्यांकन की मांग करता है। डीएसपी बिजनेस साइकिल फंड के लिए नया फंड ऑफर (एनएफओ) 27 नवंबर, 2024 को सदस्यता के लिए खुलेगा और 11 दिसंबर, 2024 को बंद होगा।

### सेबी को 16.57 लाख का भुगतान कर ऐक्सिस एएमसी ने मामला निपटाया

**नई दिल्ली।** ऐक्सिस ऐसेट मैनेजमेंट कंपनी और ऐक्सिस म्युचुअल फंड ट्रस्टी ने 16.57 लाख रुपए का भुगतान करके भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ मामला निपटा लिया। यह मामला एएमसी के बही-खातों पर कुल व्यय अनुपात (टीईआर) वसूलने के चलन से संबंधित है। सेबी ने मार्च में कारण बताओ नोटिस जारी किया था और एएमसी ने जून में इसे निपटाने के लिए आवेदन दिया था। सेबी के पूर्णकालिक सदस्यों की समिति की सिफारिशों के आधार पर समझौते को मंजूरी दे दी। टीईआर का तात्पर्य किसी योजना में निवेश पर वसूले जाने वाले कुल शुल्क से है।

# ऐपल ने 10 अरब डॉलर के मोबाइल फोन का किया उत्पादन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024 के पहले सात महीनों (अप्रैल से अक्टूबर) में ऐपल ने 10 अरब डॉलर मूल्य के मोबाइल फोन का उत्पादन किया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि से 37 प्रतिशत अधिक है। ऐपल इंक ने भारत में आईफोन उत्पादन के मामले में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस बढ़ोतरी के बाद ऐपल के लिए भारत एक प्रमुख उत्पादन केंद्र बनता जा रहा है, और यह उसकी वैश्विक उत्पादन रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। भारत में ऐपल का उत्पादन 2021 में स्मार्टफोन उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) के तहत तेजी से बढ़ा था। इस योजना ने ऐपल के लिए ठेके पर आईफोन बनाने वाली ताइवानी कंपनियों फॉक्सकॉन, पेगाट्रॉन और विस्ट्रॉन (अब टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स) को भारत में मेगा फैक्टरियां स्थापित करने के लिए प्रेरित किया था। इन कंपनियों के सहयोग से भारत में आईफोन का उत्पादन बड़े पैमाने पर शुरू हुआ, और अब यह देश ऐपल के लिए आईफोन के प्रमुख उत्पादन केंद्रों में से एक बन चुका है। अप्रैल से अक्टूबर 2024 तक भारत में हुए कुल आईफोन उत्पादन में फॉक्सकॉन का योगदान सबसे बड़ा था, जिसने 10 अरब डॉलर के कुल उत्पादन का लगभग 56 प्रतिशत हिस्सा तैयार किया। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने 30 प्रतिशत उत्पादन किया, जबकि पेगाट्रॉन का योगदान 14 प्रतिशत रहा।



# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने नए आउटलेट के साथ झारखंड में उपस्थिति का किया विस्तार

एजेंसी

**लातेहार/झारखंड।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड गर्व से झारखंड के लातेहार के बालूमाथ में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा करता है। इस लॉन्च के साथ, बैंक झारखंड में 90 बैंकिंग आउटलेट और देश भर में 992 बैंकिंग आउटलेट तक पहुंच गया है। बालूमाथ, लातेहार के निवासियों को बैंक के उत्पादों और सेवाओं तक पहुंच प्राप्त होगी, जिसमें बचत खाते, चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा के साथ-साथ आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के खिलाफ ऋण, क्रेडिट, बीमा जैसे विभिन्न ऋण उत्पाद शामिल हैं। और निवेश उत्पाद। बैंक का बुनियादी ढांचा, डिजिटल बैंकिंग क्षमताएं और एटीएम नेटवर्क एक निर्बाध बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करते हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ, गोविंद सिंह ने कहा, बालूमाथ, लातेहार में हमारा विस्तार, झारखंड के कम बैंकिंग सुविधा वाले क्षेत्रों में आवश्यक बैंकिंग सेवाएं लाने की हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है। अपने समृद्ध प्राकृतिक संसाधनों और संपन्न समुदाय के लिए मशहूर लातेहार में आर्थिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। यह नया बैंकिंग आउटलेट समुदाय की आवश्यकताओं के अनुरूप बचत, ऋण और माइक्रो-बैंकिंग सेवाएं प्रदान करके महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। इस आउटलेट के माध्यम से, हमारा लक्ष्य व्यक्तियों और छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाना, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और लातेहार के निरंतर सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देना है। बैंक अपने ग्राहकों को बचत और चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा सहित वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। अपने ग्राहकों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए, बैंक विभिन्न ऋण उत्पाद जैसे आवास ऋण, व्यवसाय ऋण और संपत्ति के विरुद्ध ऋण प्रदान करता है। अपने बैंकिंग आउटलेट बुनियादी ढांचे, डिजिटल बैंकिंग क्षमताओं और एटीएम नेटवर्क के साथ, बैंक एकीकृत ग्राहक सेवा सुनिश्चित करता है। इसके अतिरिक्त, उत्कर्ष एसएफबीएल पहुंच में आसानी के लिए इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और कॉल सेंटर जैसे कई चैनल प्रदान करता है।

❖ झारखंड के बालूमाथ में एक नया बैंकिंग आउटलेट लॉन्च किया गया, जिसमें झारखंड राज्य में कुल 90 बैंकिंग आउटलेट और देश भर में 992 आउटलेट शामिल हैं



### अमेजन इन ने ग्राहकों के लिए पेश किया विंटर वेलनेस स्टोर

**नई दिल्ली।** अमेजन इन ने ग्राहकों के लिए खासतौर पर 'विंटर वेलनेस स्टोर' पेश किया है। डाबर द्वारा प्रायोजित यह स्टोर आने वाले सर्दी के महीनों की तैयारी करने के लिए ग्राहकों की मदद करेगा। ग्राहक कम कीमत पर विंटर केयर से जुड़े जरूरी प्रोडक्ट के विशाल संग्रह में से अपने पसंदीदा प्रोडक्ट की खरीदारी कर सकते हैं। यहां उपलब्ध कराए गए सभी प्रोडक्ट अमेजन की तेज और विश्वसनीय डिलीवरी के साथ ग्राहकों के घर पर उपलब्ध कराए जाएंगे। 'विंटर वेलनेस स्टोर' में इंटरनेशनल और भारतीय दोनों प्रकार के ब्रांडों के किराना, बेबी आइटम, पेट केयर, हेल्थ एवं पर्सनल केयर प्रोडक्ट जैसी कैटेगरी के प्रोडक्ट की विशाल रेंज उपलब्ध कराई गई है। इस स्टोर के प्रायोजक डाबर के साथ, ग्राहक कपिवा, कोफोल, क्विक, बैद्यनाथ असली आयुर्वेद, हॉर्लिक्स और केरल आयुर्वेद सहित टॉप ब्रांडों के विंटर केयर से जुड़े ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।

## खास खबर

### श्रष्टि ने की शानदार गेंदबाजी, सुपर स्ट्रीकर्स ने डाइनामिक को हराया

**लखनऊ** । महिला क्रिकेट लीग मैच में सुपर स्ट्रीकर्स ने डाइनामिक को 30 रन से हरा दिया। इस मैच में सुपर स्ट्रीकर्स की गेंदबाज श्रष्टि शुक्ला ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मात्र दो रन देकर चार विकेट झटके। सुपर स्टीकर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 71 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज अर्पिता चौधरी मात्र चार रन बनाकर पवेलियन लौट गयीं। वहीं विदुषी ने एक रन बनाये, जबकि सोनी पाल और गुंजन शून्य पर ही पवेलियन लौट गयीं। अपनी टीम में सर्वाधिक खुशबू ने 19 रन बनाये। शुभी सिंह ने 11 रन का योगदान दिया। प्रतिमा ने पांच रन बनाये। वहीं डायनमिक की टीम 41 रन बनाकर ही आउट हो गयी। सलामी बल्लेबाज सोनल ने अपनी टीम में सर्वाधिक 20 रन बनाये। वहीं राधिका, निकुंज, उन्नति, साक्षी, जैनब शून्य पर ही पवेलियन लौट गयीं। अंचल ने दो रन का योगदान दिया।

### फैजल ने की धुआंधार बल्लेबाजी से मल्टी फेकेल्टी ने जीता मैच

**लखनऊ** । बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के सी डीविजन में मल्टी फेकेल्टी प्रोफेशनल एरेना ने लखनऊ यूनिक्यू क्रिकेट एके-डमी को 187 रन से हरा दिया। इस मैच में मल्टी फेकेल्टी के आल राउंडर मो. फैजल ने 91 बाल पर 123 रन बनाये। वहीं उन्होंने तीन विकेट भी झटके। मल्टी फेकेल्टी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में पांच विकेट गवांकर 310 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने 58 बाल पर 62 रन बनाये। वहीं मो. फैजल ने 15 चौका और चार छक्का की मदद से 91 बाल पर 123 रन बनाये। गुरवीर सिंह ने 43 रन का योगदान दिया। वहीं गोविंद यादव ने 33 बाल पर 59 रन बनाये। वहीं लखनऊ एकेडमी की टीम 123 रन बनाकर ही पवेलियन लौट गयी और मल्टी ने 187 रन से लखनऊ एकेडमी को हरा दिया। सुनील भारद्वाज ने अपनी टीम में सबसे अधिक 38 रन बनाये। वहीं सलामी बल्लेबाज अरूण 11 रन ही बना सके।

### प्रो कबड्डी लीग सीजन 11 के प्लेऑफ और फाइनल पुणे, महाराष्ट्र में होंगे

**पुणे** । प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 11 के प्लेऑफ और फाइनल 26 दिसंबर से 29 दिसंबर, 2024 तक पुणे के बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में आयोजित किए जाएंगे। लीग चरण में शीर्ष दो टीमें सीधे सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जबकि तीसरे, चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर रहने वाली टीमें 26 दिसंबर, 2024 को एलिमिनेटर चरण में आमने-सामने होंगी। तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम एलिमिनेटर 1 में छठे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी। और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम एलिमिनेटर 2 में पांचवें स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी। लीग के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने बुधवार को उक्त घोषणा की। एलिमिनेटर 1 का विजेता सेमीफाइनल 1 में तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम से भिड़ेगा और एलिमिनेटर 2 का विजेता 27 दिसंबर, 2024 को सेमीफाइनल 2 में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगा। इसके बाद, 29 दिसंबर, 2024 को ग्रैंड फिनाले होगा, जिसमें पीकेएल सीजन 11 का विजेता तय होगा। लीग फिलहाल नोएडा में है, जिसके मैच 1 दिसंबर तक नोएडा इंडोर स्टेडियम में होंगे। इसके बाद टूनार्मेंट 3 से 24 दिसंबर तक पुणे में चलेगा, जिसके बाद प्लेऑफ होंगे। मशाल स्पोर्ट्स के बिजनेस हेड और प्रो कबड्डी लीग के लीग चेयरमैन अनुपम गोस्वामी ने कहा, ॑हम पुणे में प्लेऑफ और फाइनल लाने के लिए रोमांचित हैं, यह शहर अपनी जीवंत कबड्डी भावना के लिए जाना जाता है। इस सीजन को हैदराबाद से नोएडा तक इसकी तीव्र प्रतिस्पर्धा और रोमांचक समापन द्वारा परिभाषित किया गया है। चूंकि लीग अब पुणे में है, इसलिए हम उसी स्तर के रोमांच और उत्साह की उम्मीद करते हैं। महाराष्ट्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के कई टीमों में चमकने के साथ, हमें विश्वास है ।

# एशियन राइफल/पिस्टल कप 2026 की मेजबानी करेगा भारत

एजेंसी

**नई दिल्ली** । एशियन शूटिंग कन्फेडरेशन (एएससी) की कार्यकारी समिति ने एशियन राइफल/पिस्टल कप 2026 की मेजबानी के अधिकार भारत को प्रदान किए हैं। यह घोषणा नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने की है। एएससी के महासचिव इंजीनियर दुआज अल ओतैबी की ओर से एनआरएआई के महासचिव के. सुल्तान सिंह को भेजे गए एक पत्र में होस्ट फेडरेशन से इस प्रतियोगिता के प्रस्तावित तिथियों की जानकारी मांगी गई है। इस निर्णय पर प्रतिक्रिया



व्यक्त करते हुए, के. सुल्तान सिंह ने कहा, ॑हमें एक और शीर्ष अंतरराष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता की मेजबानी सौंपे जाने पर बेहद खुशी हो रही है। हम एएससी की कार्यकारी समिति के प्रति अत्यंत आभारी हैं और हमेशा की तरह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का वादा करते हैं। एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने भी अपनी बात रखते हुए कहा, ॑यह भारतीय शूटिंग के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते कद का एक और प्रमाण है, और हमें खुशी है कि हमारे निशानेबाजों को दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों के खिलाफ घरेलू दर्शकों के सामने अपनी क्षमता साबित करने का एक और मौका मिलेगा। हम भारत सरकार, खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) को निरंतर प्रोत्साहन और समर्थन के लिए धन्यवाद देते हैं, जो उन्होंने हमेशा भारतीय शूटिंग को प्रदान किया है। भारत ने इससे पहले 2015 में 8वीं एशियाई एयर गन प्रतियोगिता और उसके एक साल बाद एशियन ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी की थी। इसी अवधि में, भारत ने कुल छह शीर्ष अंतरराष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन (आईएसएसएफ) प्रतियोगिताओं की भी मेजबानी की, जिनमें दो वर्ल्ड कप फाइनल शामिल हैं। हाल ही में, पिछले महीने नई दिल्ली में आयोजित आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) इसका ताजा उदाहरण है।

महिला हॉकी इंडिया लीग के उद्घाटन सत्र के लिए तैयार मारिया वर्सचूर, कहा

# भारतीय स्टेडियमों का माहौल बेजोड़

एजेंसी

**नई दिल्ली** । डच महिला हॉकी सनसनी मारिया वर्शूर सूरमा हॉकी क्लब का प्रतिनिधित्व करते हुए उद्घाटन महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में अपनी शुरूआत करने के लिए तैयार हैं। नीदरलैंड की बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक के रूप में, वर्शूर ने भारत में खेलने के अनूठे अनुभव और पहली महिला एचआईएल का हिस्सा बनने के अवसर के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया। वर्शूर ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, मैं वास्तव में इस साहसिक कार्य के लिए उत्सुक हूं। मुझे इस साल की शुरूआत में भारत में एफआईएच प्रो लीग के दौरान एक अद्भुत अनुभव हुआ, जहां मैं प्रशंसकों के जुनून और ऊर्जा से दंग रह गया। भारत में हॉकी जीवित है और स्टेडियमों का माहौल कुछ खास है। वर्शूर का मानना है कि



महिला एचआईएल खेल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा, भारत में महिलाओं के लिए अपनी तरह की पहली प्रतियोगिता देखना आश्चर्यजनक है और इसका हिस्सा बनना वास्तव में विशेष है। दुनिया भर के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के मिश्रण के साथ लीग का प्रारूप विभिन्न शैलियों और संस्कृतियों को एक साथ लाता है, जो मुझे लगता है कि महिला हॉकी के विकास के लिए बहुत अच्छा है। हम कुछ बेहतरीन मैच खेलेंगे और मुझे उम्मीद है कि हम दुनिया को दिखा सकते हैं कि महिला हॉकी कितनी रोमांचक और प्रतिस्पर्धी हो सकती है। वर्शूर विशेष रूप से भारत में महिलाओं के खेल के विकास में योगदान देने के लिए उत्सुक है। उन्होंने कहा, यह देखना प्रेरणादायक है कि लीग महिला हॉकी में कैसे निवेश कर रही है। यह मंच हमें अपना कौशल दिखाने और न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में युवा लड़कियों के लिए एक उदाहरण स्थापित करने का मौका देता है। महिला हॉकी देखना रोमांचक है और यह बहुत अच्छी बात है कि हमें इसे नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए मान्यता और समर्थन मिल रहा है।" हॉकी के अलावा, वर्शूर ने अपने व्यक्तिगत हितों के बारे में भी बात की ।

# दबंग दिल्ली केसी ने पटना पाइरेट्स के मुंह से खींची जीत

एजेंसी

**नोएडा** । दबंग दिल्ली केसी ने पटना पाइरेट्स के मुंह से जीत को खींचते हुए नोएडा इंडोर स्टेडियम में मंगलवार रात रिवेंज वीक के तहत खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 78वें मैच को 39-39 से टाई करा लिया। यह इस सीजन का कुल सातवां, दिल्ली का तीसरा और पटना का पहला टाई है। 30वें मिनट तक पटना 33-25 से आगे चल रहे थे लेकिन फिर दिल्ली ने आशीष के सुपर रेड की बदौलत वापसी की राह पकड़ी और पटना को आलआउट करते हुए लीड भी ले ली लेकिन फिर पटना ने संयम बनाए रखते हुए मैच टाई करा लिया। पटना के लिए



देवांक ने 15 अंक बनाए जबकि दीपक और अंकित ने क्रमशः 7 और 5 अंक लिए। दिल्ली के लिए आशु ने एक बार फिर सुपर-10 लगाया जबकि सुपर रेड के साथ आशीष ने सात अंक बटोरे। नवीन ने भी 6 अंक का योगदान दिया। इस मैच के बाद दोनों टीमें क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर ही बनी हुई हैं। दोनों टीमों ने शानदार शुरूआत की। पांच मिनट बाद पटना 6-5 से आगे थे। इसमें

**मुकाबला 39-39 से टाई कराया**

देवांक के चार और सुपर रेड के साथ आशु के तीन अंक शामिल है। इस बीच आशीष ने पहली रेड पर आए अयान को लपक स्कोर 6-6 कर दिया। इस बीच अंकित ने डू ओर डाई रेड पर आशु का शिकार कर पटना को आगे कर दिया। आशीष ने हालांकि देवांक को एंकल होल्ड कर मामला बराबर कर दिया। इसके बाद पांच के डिफेंस में नवीन डू ओर डाई रेड पर आए लेकिन लपक लिए गए। 10 मिनट बाद पटना 8-7 से आगे थे। ब्रेक के बाद पटना दो अंक से आगे थे ।

कप्तान लैथम ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए संभावित न्यूजीलैंड टीम घोषित की

# नाथन स्मिथ करेंगे पदार्पण

एजेंसी

**क्राइस्टचर्च** । न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने पुष्टि की है कि तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ क्राइस्टचर्च में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में डेब्यू करेंगे। हालांकि टॉम लैथम ने अपनी टीम की प्लेइंग इलेवन का खुलासा नहीं किया, जो इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज के शुरूआती मैच में मैदान पर उतरेगी, लेकिन न्यूजीलैंड के कप्तान ने खुलासा किया कि स्मिथ क्राइस्टचर्च टेस्ट में अपना पहला टेस्ट कैप पहनेंगे। लैथम ने यह भी पुष्टि की कि पूर्व कप्तान केन विलियमसन श्री



लायंस के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए अपनी कमर की चोट से उबरकर लंबे प्रारूप में वापसी करेंगे। न्यूजीलैंड के कप्तान ने कहा कि केन विलियमसन के टीम में होने से टीम को मजबूती मिलेगी। आईसीसी ने लैथम के हवाले से कहा, ॑केन जैसे खिलाड़ी की वापसी से टीम को मजबूती मिलती है। न्यूजीलैंड वर्तमान में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर है ।

# उर्विल पटेल ने तोड़ा पंत का रिकॉर्ड, सबसे तेज टी20 शतक बनाने वाले भारतीय बने

एजेंसी

**इंदौर** । गुजरात के 26 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज उर्विल पटेल ने बुधवार को त्रिपुरा के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली मैच के दौरान सिर्फ 28 गेंदों में शतक लगाया, इसी के साथ उन्होंने ऋषभ पंत के सबसे तेज भारतीय और प्रारूप में दूसरे सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड तोड़ दिया। त्रिपुरा के खिलाफ 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उर्विल बल्लेबाजी करने आए और विपक्षी गेंदबाजी की धज्जियाँ उड़ाते हुए सात चौके और 12 छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 322.86 था। उन्होंने अपनी टीम को आठ विकेट और 58 गेंदें शेष रहते मैच जीता दिया। उनके सलामी जोड़ीदार आर्य देसाई (24 गेंदों में 38 रन, चार चौके और दो छक्के) ने भी अहम पारी खेली और एक छोर



संभाले रखा। इससे पहले, गुजरात ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। त्रिपुरा के लिए श्रीदम पॉल ने बेहतरीन अर्धशतक लगाते हुए 49 गेंदों में 57 रन बनाए, इस दौरान उन्होंने चार चौके और चार छक्के लगाए। उनकी इस पारी की बदौलत त्रिपुरा ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 155 रन बनाए। गुजरात के लिए अरजान नागवासवाला ने 35 रन देकर 3 विकेट लिए, चिंतन गजा ने भी तीन ओवर में 18 रन देकर दो विकेट चटकाए, जबकि

# डोपिंग रोधी संहिता के उल्लंघन के लिए बजरंग पुनिया निलंबित

एजेंसी

**नई दिल्ली** । राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने मंगलवार को बजरंग पुनिया को राष्ट्रीय टीम के लिए चयन ट्रायल के दौरान 10 मार्च को डोप परीक्षण के लिए अपना नमूना देने से इनकार करने पर चार साल के लिए निलंबित कर दिया है। नाडा ने टोक्यो खेलों के कांस्य पदक विजेता पहलवान को इस अपराध के लिए सबसे पहले 23 अप्रैल को निलंबित किया था, जिसके बाद विश्व शासी निकाय यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भी उन्हें निलंबित कर दिया था। बजरंग ने अनंतिम निलंबन के खिलाफ अपील की थी, और नाडा के अनुशासन-विरोधी डोपिंग पैनल (एडीडीपी) ने 31 मई को इसे रद्द कर दिया था, जब तक कि नाडा ने आरोप का नोटिस जारी नहीं कर दिया। इसके बाद नाडा ने 23 जून को पहलवान



को नोटिस दिया। साथी पहलवान विनेश फोगट के साथ कांग्रेस में शामिल हुए बजरंग को अखिल भारतीय किसान कांग्रेस का प्रभार दिया गया था। उन्होंने 11 जुलाई को लिखित रूप से आरोप को चुनौती दी थी, जिसके बाद 20 सितंबर और 4 अक्टूबर को सुनवाई हुई थी। एडीडीपी ने अपने आदेश में कहा, पैनल का मानना है कि एथलीट अनुच्छेद 10.3.1 के तहत प्रतिबंधों के लिए उत्तरदायी है और 4 साल की अवधि के लिए अयोग्य है। वर्तमान मामले में, चूंकि एथलीट को अनंतिम रूप से निलंबित कर दिया गया था, इसलिए पैनल तदनुसार मानता है कि एथलीट की चार साल की अवधि के लिए अयोग्यता की अवधि उस तारीख से शुरू होगी, जिस दिन अधिसूचना भेजी गई थी, यानी 23.04.2024। आदेश में कहा गया, यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि 31.05.2024 से 21.06.2024 तक की अवधि के लिए अनंतिम निलंबन को हटाने के कारण चार साल की अयोग्यता की कुल अवधि में कोई राशि नहीं जोड़ी जाएगी। निलंबन का मतलब है कि बजरंग प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी नहीं कर पाएंगे और अगर वह चाहें तो विदेश में कोचिंग की नौकरी के लिए आवेदन नहीं कर पाएंगे। नाडा ने अपनी कार्रवाई का कारण भी बताया, उन्होंने कहा कि चैपरोन/डीसीओ ने उनसे विधिवत

# केरला ब्लास्टर्स और एफसी गोवा के बीच हाई स्कोरिंग मुकाबले की संभावना

**कोच्चि।** केरला ब्लास्टर्स एफसी गुरुवार को शाम अपने घरेलू मैदान कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शानदार स्कोरिंग का सिलसिला जारी रखने के लिए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में एफसी गोवा से भिड़ेगी। केरला ब्लास्टर्स अपने मैदान पर पिछले 16 मैचों में से प्रत्येक में गोल किया है। लेकिन उनके खिलाफ एफसी गोवा का सफलता का रिकॉर्ड शानदार रहा है, जिसने दोनों के बीच भिड़ंत में 11 मैच जीते हैं, जो आईएसएल इतिहास में तीसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। आईएसएल में दोनों टीमों के नाम बराबर 49 क्लीन शीट हैं और 50 तक पहुंचने वाली केवल तीसरी टीम बनने की कोशिश करेंगी, लेकिन एफसी गोवा के खिलाफ



ब्लास्टर्स पिछले 19 मुकाबलों में क्लीन शीट नहीं रख पाए हैं। एफसी गोवा आठ मैचों में तीन जीत, तीन ड्रा और दो हार से 12 अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर है, जबकि केरला ब्लास्टर्स नौ मैचों में तीन जीत, दो ड्रा और चार हार से 11 अंक लेकर नौवें स्थान पर है। ब्लास्टर्स की घर पर जीत में जीसस जिमेनेज ने लगातार छह मैचों में गोल किए हैं। नौहा सदौई की पेनल्टी बॉक्स में एंट्री (प्रति मैच 10) भी खतरा पैदा करती हैं। ब्लास्टर्स इस सीजन के दौरान मुकाबलों के दूसरे हाफ में 11 गोल किए हैं ।

# मोहम्मडन एससी का सामना बेंगलुरू एफसी से

एजेंसी

**कोलकाता** । मोहम्मडन एससी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में अपनी पहली घरेलू जीत तलाश रही है, जिसके लिए ब्लैक पैंथर्स बुधवार शाम अपने घरेलू मैदान किशोर भारती क्रीड़ांगन में बेंगलुरू एफसी भिड़ेंगे। मोहम्मडन स्पोर्टिंग शीर्ष स्तर की इस लीग में पहली बार अभियान में उतरी है, लेकिन वो सात मैचों में एक जीत, दो ड्रा और चार हार से पांच अंक लेकर तालिका में 12वें स्थान पर है। वहीं, ब्लूज ने इस सीजन में जोरदार वापसी की है। बेंगलुरू एफसी आठ मैचों में पांच जीत, दो ड्रा और एक हार से 17 अंक



लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है। मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने इस सीजन में अपने घरेलू मैदान पर शुरूआती चार मुकाबलों में एक ड्रा खेला और तीन हारे हैं। कोई भी टीम शुरूआती पांच घरेलू मैचों में जीत के बिना नहीं रही है, यह ऐसा अनचाहा रिकॉर्ड होगा जिसे एंड्री चेर्निशोव और उनके ब्लैक पैंथर्स बुधवार को बचना चाहेंगे। मोहम्मडन ने मैचों के शुरूआती 15 मिनट में चार गोल खाए हैं ।

### प्रदेश स्तरीय कुश्ती, कबड्डी और बास्केटबाल प्रतियोगिताएं दस दिसम्बर से

**लखनऊ।** प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक बास्केटबाल प्रतियोगिता 10 से 13 दिसम्बर के बीच आयोजित होगी। वहीं प्रदेश स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 13 दिसम्बर से होनी है, जबकि प्रदेश स्तरीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 20 दिसम्बर तक होगी। इस संबंध में खेल निदेशक आर.पी. सिंह ने बताया कि प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम आगरा में होना है। इसके लिए मंडल स्तर पर तैयारियां शुरू हो गयी हैं। वहीं बालक कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन आगरा में ही 13 से 15 दिसम्बर के बीच होगा।

# जेवियर मास्चेरानो को क्लब का नया कोच किया नियुक्त

एजेंसी

**फोर्ट लौडरडेल** । लियोनेल मेसी और जेवियर मास्चेरानो फिर से एक साथ हैं। इंटर मियामी ने मंगलवार को लियोनेल मेसी के पूर्व साथी जेवियर मास्चेरानो को क्लब का नया कोच नियुक्त किया है। मास्चेरानो गेरार्डो टाटा मार्टिनो की जगह लेंगे, जिन्होंने पिछले सप्ताह व्यक्तिगत कारणों से पद छोड़ दिया था। हाल ही में मास्चेरानो अर्जेंटीना की अंडर-20 टीम और ओलंपिक कोच थे। उन्होंने तीन साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं और वह अपने काम के कागजी काम पूरे होने के बाद पदभार संभालेंगे। इंटर मियामी के प्रबंध मालिक जॉर्ज मास ने





कहा, इस नौकरी के लिए ऐसे अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है जो हमारी प्रतिभा के अनूठे संग्रह को अधिकतम करने में सक्षम हो - हमारे वैश्विक सुपरस्टार से लेकर हमारे उभरते हुए घरेलू खिलाड़ियों, हमारे युवा अंतरराष्ट्रीय संभावनाओं और बीच की हर चीज तक। यह सिर्फ. मेसी ही नहीं है जिसके साथ मास्चेरानो फिर से जुड़ रहे हैं। जब मास्चेरानो बार्सिलोना के साथ थे, तब उन्होंने इंटर मियामी के मौजूदा स्टार जोर्डी अल्बा, सर्जियो बुस्केट्स और लुइस सुआरेज के साथ भी खेला था - इन सभी के 2025 सीजन में वापस आने की उम्मीद है। मास्चेरानो ने कहा, इंटर मियामी जैसे क्लब का नेतृत्व करने में सक्षम होना मेरे लिए सम्मान की बात है, और यह एक विशेषाधिकार है जिसका मैं पूरा फायदा उठाने का प्रयास करूँगा। मैं संगठन की निर्विवाद महत्वाकांक्षा और इसे समर्थन देने के लिए इसके बुनियादी ढांचे से आकर्षित हुआ।

# बुमराह ने आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग कें शीर्ष पर वापसी

एजेंसी

**नई दिल्ली** । भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पर्थ में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 295 रनों की शानदार जीत दिलाने के बाद आईसीसी पुरुष टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। मैच में 8 विकेट लेने वाले बुमराह ने जोश हेजलवुड और कैगिसो रबाडा को पीछे छोड़ दिया है और करियर के सर्वश्रेष्ठ 883 रेटिंग पॉइंट पर पहुंच गए हैं, जो किसी भारतीय सीम गेंदबाज द्वारा अब तक का सबसे अधिक रेटिंग पॉइंट है। स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (904) और रवींद्र जडेजा (899) भारत के एकमात्र गेंदबाज हैं जिन्होंने उच्च अंक हासिल किए हैं। यह तीसरी बार है जब बुमराह इस साल रैंकिंग में शीर्ष पर रहे हैं। फरवरी और अक्टूबर में वे शीर्ष स्थान पर थे। पांच टेस्ट मैचों में से पहले टेस्ट में भारत की बड़ी जीत का असर शतकवीर यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली सहित कई अन्य खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी पड़ा है। सलामी बल्लेबाज जायसवाल ने पर्थ में दूसरी पारी में 161 रन बनाकर शीर्ष स्कोरिंग के बाद हैरी ब्रूक और केन विलियमसन को पछाड़कर करियर की सर्वश्रेष्ठ दूसरी रैंकिंग हासिल की है, जबकि कोहली की नाबाद 100 रन की पारी ने उन्हें नौ पायदान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर पहुंचा दिया है, जो 10 साल में पहली बार शीर्ष 20 बल्लेबाजों से बाहर रहे। केएल राहुल 60वें से 49वें स्थान पर पहुंच गए हैं और नीतीश कुमार रेड्डी ने बल्लेबाजी रैंकिंग में 74वें स्थान पर प्रवेश किया है, जबकि मोहम्मद सिराज गेंदबाजी रैंकिंग में तीन पायदान ऊपर चढ़कर 25वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रैविस हेड दूसरी पारी में 89 रन की आक्रामक पारी खेलने के बाद शीर्ष 10 में वापस आ गए हैं, जबकि एलेक्स कैरी (बल्लेबाजों में एक स्थान ऊपर चढ़कर 39वें स्थान पर) और मिशेल मार्श (गेंदबाजों में 10 स्थान ऊपर चढ़कर 68वें स्थान पर) पर्थ में अपने प्रदर्शन के बाद आगे बढ़ने वाले अन्य खिलाड़ियों में शामिल हैं। स्टीव स्मिथ, जो केवल शून्य और 17 रन ही बना सके, सातवें स्थान पर खिसक गए हैं, जो दिसंबर 2014 के बाद से उनका सबसे निचला स्थान है। वेस्ट इंडीज के खिलाड़ियों ने भी नॉर्थ साउंड में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में 201 रन की जीत के बाद नवीनतम साप्ताहिक अपडेट में बढ़त हासिल की है। बल्लेबाज एलिक अथानाजे 90 और 42 रन के स्कोर के बाद 18 स्थान ऊपर चढ़कर 62वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि जस्टिन ग्रीव्स (43 स्थान ऊपर चढ़कर 81वें स्थान पर) और मिकील लुइस (25 स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त 86वें स्थान पर) को भी फायदा हुआ है। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स (तीन पायदान ऊपर चढ़कर करियर की सर्वश्रेष्ठ 11वीं रैंकिंग), केमार रोच (चार पायदान ऊपर चढ़कर 17वीं रैंकिंग) और अल्जारी जोसेफ (तीन पायदान ऊपर चढ़कर 29वीं रैंकिंग) को एंटीगुआ में उनके प्रयासों का इनाम मिला है। बांग्लादेश के लिए, लिटन दास और मोमिनुल हक बल्लेबाजी रैंकिंग में क्रमशः 32वें और 47वें स्थान पर पहुंच गए हैं ।







क्राइस्टचर्च में क्रो थोर्प ट्रॉफी के साथ पोज देते हुए बेन स्टोक्स व टाम लेथम।



# बदलिए अपनी हेयर स्टाइल

**हेयर स्टाइल न सिर्फ आपके लुक में चेंज लाती है, बल्कि आपके मूड को भी बदल देती है। आइए आपको कुछ ऐसे ही हेयर स्टाइल ट्रेंड के बारे में बताते हैं।**

**फैशन साल दर साल अपना रंग बदलता है और क्यों न बदले? आजकल युवा नए ट्रेंड की ओर जल्दी अट्रेक्ट होते हैं। वैसे भी चेंज हर किसी को अच्छा लगता है,शायद इसीलिए कहा जाता है कि आप अगर अपनी रुटीन लाइफ से बोर हो गई हैं तो सबसे पहले अपनी हेयर स्टाइल बदल डालिए।**

- **लंबे बालों के लिए :** लंबे बालों के लिहाज से श्ब्रेडेड टॉपनॉट्सश और श्बर्ड्स नेस्ट बनश साल की शुरुआत से ही महिलाओं में लोकप्रिय हो रही है। हॉलीवुड से लेकर बॉलीवुड तक की सेलिब्रिटीज इनकी दीवानी हो रही हैं। वैसे बर्ड्स नेस्ट बन तो हमारी पुरानी हीरोइनों शर्मिला टैगोर, राखी, हेमामालिनी की फिल्मों में भी खूब दिखाई दिया है। वही ट्रेंड अब थोड़े अलग अंदाज में वापस लौटा है।
- **नई ब्रेडेड चोटी :** नई ब्रेडेड चोटी स्टाइल, स्टाइल में सिंपल ढीली चोटी गूंथने से लेकर छोटी-छोटी कई चोटियां बनाने के अलावा आप हाई पोनीटेल ब्रेडड हेडबैंड तथा फिशटेल जैसी कई हेयरस्टाइल बनाई जा सकती है। वहीं बर्ड्स नेस्ट बन भी आजकल पार्टी से लेकर सामान्य दिनचर्या तक में काफी पसंद किया जा रहा है। इसे श्बुफॉनश् नाम से भी प्रचार मिल रहा है। पिछले दिनों एक रियलिटी शो में माधुरी दीक्षित भी इस हेयर स्टाइल में नजर आई थीं।
- **छोटे बालों के लिए :** श्वेत बॉबश् या श्वेवी बॉब्डश इस बार छोटे बालों में काफी अपनाए जा रहे हैं। ये स्टाइल कर्ली हेयर और स्ट्रेट हेयर दोनों में काफी सुंदर दिखाई देती है। साथ ही इससे आपके चेहरे को स्मार्ट लुक भी मिलता है। यह हेयर स्टाइल भी सेलिब्रिटीज से लेकर आम युवतियों तक में काफी पसंद की जा रही है। कंगना रानावत से लेकर प्रियंका चोपड़ा तक आपको पिछले दिनों इस हेयर स्टाइल के साथ दिखाई दी होंगी।
- **हेयर कट्स :** इस साल लंबे बालों के लिए फ्रिंज और बैंग्स जैसे हेयर कट्स फैशन में हैं। फ्रिंज हेयर कट्स को आप बहुत कुछ साधना कट की तरह भी रख सकती हैं। चाहें तो कम फ्रंट फ्रिंज के साथ खुले बाल रखें या फिर पूरे माथे पर फैलती फ्रिंज लगभग इसी से मिलते-जुलते बैंग हेयरकट में आप साइड पार्टिंग के साथ थोड़ी फ्रिंज रख सकती हैं। मीडियम लेंथ बालों के लिए श्बॉब विथ फ्रिंजश श्बैंग्सश् आदि तथा छोटे बालों के लिए शिपक्सी क्रॉपश् हेयरकट अपनाए जा सकते हैं। ये सभी इस साल फैशन में बने रहेंगे।

क्रॉप को पसंद करने वालों में हॉलीवुड हॉटी श्हेल बेरीशतथा श्विक्टोरिया बैकहमश् के अलावा बॉलीवुड सुंदरी लारा दत्ता, दिया मिर्जा तथा दीपिका पादुकोण भी शामिल हैं।

## हेयर कलर

व्हाइट ब्लांड तथा श्रेडश कलर सबसे ज्यादा फैशन में हैं। अगर आप सोबर लुक चाहती हैं तो व्हाइट ब्लांड अपनाएं और थोड़ा फंकी और चटपटा लुक चाहती हैं तो रेड या उसके शेड्स या इसके अलावा रिच ब्राऊन, डार्क चॉकलेट ब्राऊन, लाइट कैरेमल तथा ब्लांड के सिंपल शेड्स भी अपनाए जा सकते हैं। बस तो अब देर किस बात की, बदलें अपना हेयरस्टाइल और अपनाएं नई अदा।



**स्टूडेंटस को एक चिंता सबसे ज्यादा सता रही है कि कॉलेज में उनका ड्रेसिंग स्टाइल कैसा हो। लेटेस्ट फैशन के साथ ही पर्सनैलिटी के अकोर्डिंग उनके ड्रेस का सिलेक्शन कैसा हो?**

# कैसा हो कॉलेज में ड्रेसिंग स्टाइल





आइए जानते हैं कॉलेज गोइंग गर्ल्स एंड ब्वॉयज का ड्रेसिंग स्टाइल और टीनएजर्स के लिए क्या है लेटेस्ट फैशन ट्रेंड इन ड्रेस?

- **लेटेस्ट ट्रेंड इन फॉर गर्ल्स :** कॉलेज गोइंग गर्ल्स के लिए मिक्स एन मैच का कांसेप्ट सबसे ज्यादा फॉलो किया जाता है। पिछले साल कॉलेज गोइंग गर्ल्स में जींस काफी फैशन में था, लेकिन इस साल जींस टोटली आउट है और लैगिंग्स इन है, क्योंकि गर्ल्स इन दिनों जीरो फिगर में बीलिव कर रही हैं। लैगिंग्स के साथ वे यह लुक बेहद आसानी से पा सकती हैं।
- **लैगिंग्स विद कुर्ती :** मिक्स एन मैच कांसेप्ट में लैगिंग्स विद कुर्ती बेहतरीन ड्रेसिंग कलेक्शन है। शिफॉन व जॉर्जेट की कुर्ती के साथ लैगिंग्स इंडो वेस्टर्न लुक देते हैं। कॉलेज गर्ल्स के लिए यह काफी कंफर्टेबल ड्रेस है। लैगिंग्स के फैशन से आउट होने के बाद बेहद लेटेस्ट फैशन आने वाला है पैलेजो का।
- **एंकल लैंथ पेंट विद कुर्ती :** एंकल लैंथ पेंट विद कुर्ती के इस कांसेप्ट में पैंट स्ट्रेट कट होगा। इसके साथ ही स्ट्रेट कट, स्लिटेड, एप्पल कट के साथ नी व हिप के बीच की लैंथ की कुर्तियां सूटेबल रहेंगी, इसके साथ बेल्ट भी यूज किए जा सकते हैं। इसमें हॉल्टर नेक, चाइनीज नेक प्रीफर किए जाएंगे, जो कि काफी इंप्रेसिव लुक देंगे। इसे डिफरेंट लुक देने के लिए स्टॉल का यूज भी कर सकते हैं।
- **फॉर कूल ब्वॉयज :** गर्ल्स के साथ ही ब्वॉयज में भी लेटेस्ट फैशन का दौर है, उनके ड्रेसिंग स्टाइल में कोई खास चेंज नहीं मिलेगा। ब्वॉयज डेनिम के साथ टी-शर्ट वियर कर सकते हैं, जो केजुअल व कंफर्टेबल होता है। ब्वॉयज वी शेप बॉडी में बीलिव कर रहे हैं, इसलिए अब स्किन टाइट टी-शर्ट की बजाय मीडियम फीटिंग के टी-शर्ट वियर किए जा सकते हैं। इसमें फ्लोरोसेंट कलर्स जैसे व्हाइट, ब्लू, ब्राउन, रेड, ग्रीन ज्यादा सूटेबल होते हैं। जो चेंज देखने को नहीं मिलेगा। ब्वॉयज राउंड नेक टी-शर्ट ही ही प्रीफर कर सकते हैं।



# बच्चा खाने-पीने में टालमटौल तो नहीं करता

**आप एक मां हैं और मां का ध्यान इस बात पर जरूर होना चाहिए कि बच्चा खाने-पीने में टालमटौल तो नहीं करता है। यदि ऐसा है तो आप इस पर ध्यान दें, कही उसे बीमारी न लग जाए।**

**वह समय** बीत चुका है, जब पैरेन्ट अपने बच्चों को तोता-मैना की कहानी सुनाते हुए उन्हें खाना खिलाते थे। अब न तो उनके पास उन्हें कहानी सुनाने का टाइम है और न ही ढंग से खाना खिलाने का। वैसे आजकल बच्चे प्रायः खाने-पीने के मामले में बेहद चूजी होते जा रहे हैं। खाने को लेकर ये हमेशा नाक-भौं सिकोड़ते हैं। हालांकि यह आदत 2 से 10 साल तक के किशोर उम्र तक के बच्चों को ही रहती है। अगर ये आदतें आपके बच्चों में भी हैं तो पैरेन्ट्स होने के नाते आप सावधान हो जाएं! एक ताजा शोध के अनुसार बच्चों की इस आदत की वजह से उन्हें पेडिएट्रिकफीडिंग डिसऑर्डर की बीमारी हो सकती है।

## क्या है पेडिएट्रिकफीडिंग डिसऑर्डर?

इस बीमारी के कारण बच्चों की खाने-पीने की आदतें बदलने लगती हैं, वे ज्यादा कैलोरी और पोषक तत्व वाले भोजन नहीं लेते, जो शारीरिक विकास के लिए जरूरी हैं। खाने-पीने की यह आदत एक आम बीमारी है, जो बच्चों को अकसर ऐसे माहौल में हो जाती है, जहां उन्हें तरह-तरह की खाने की चीजें मिलती हैं। हालांकि देखा गया है कि अधिकांश बच्चे बहुत कम खाना खाते हैं या अपनी मनपसंद की चीजें ही खाने में रुचि लेते हैं। जिसकी वजह से वह बिना पोषक तत्व वाले भोजन से ज्यादा कैलोरी लेते हैं। आजकल बच्चे घर में बनी या मार्केट की कुछ निश्चित फास्ट फूड ही लेना पसंद करते हैं, जो टेस्टी तो होते हैं, लेकिन न तो वे पौष्टिक होते हैं और न ही हेल्दी डाइट। जिसकी वजह से बच्चों को शारीरिक विकास के लिए पर्याप्त पोषक तत्व नहीं मिल पाता है।

## मां है जिम्मेदार

बच्चों की इस आदत पर किए गए एक अध्ययन के अनुसार इस आदत के लिए 80 फीसदी तक बच्चे की मां जिम्मेदार होती है। बच्चों की इस आदत की वजह से उनका शारीरिक और मानसिक विकास रुक जाता है। बच्चों को पुरानी बीमारी लग सकती है। उन्हें मोटापा, खाने-पीने की आदतों में कमी, शरीर में पोषक तत्वों की कमी जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**सर्दियों का मौसम किसे अच्छा नहीं लगता? ऐसे में त्वचा और सौन्दर्य का मेल अनोखा हो जाता है। हम बताते हैं आपको सुंदरता के टॉप पांच टिप्स, जिन्हें अपनाकर आप खूबसूरत लगेंगी।**

# सर्दियों में सुंदरता के टिप्स



## चेहरे का रखें खास ख्याल

सर्दियों में हमारी त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है। इसलिए सर्दियों में अपने चेहरे का खास ध्यान दें। इस मौसम में कभी भी गर्म पानी से चेहरा न धोएं। सर्दियों में पहले हमेशा हल्के गुनगुने पानी से चेहरा धोएं फिर ठंडे पानी से चेहरा साफ करें। ऐसा करने से आपके चेहरे की नमी बनी रहेगी और त्वचा में ज्यादा रूखापन भी नहीं आएगा। चेहरे को धोने के बाद रगड़ कर साफ न करें। हमेशा हल्के हाथ और नर्म कपड़े से चेहरा पोंछें। क्लींजिंग, टोनिंग, मॉश्चराइजिंग सर्दी हो या गर्मी हर मौसम में चेहरे की सुन्दरता बनाएं रखने के लिए क्लींजिंग, टोनिंग और मॉश्चराइजिंग बेहद जरूरी है। सर्दियों में भी इसे छोड़ना नहीं चाहिए। सर्दियों में चेहरा साफ करने के लिए साबुन की बजाए नमीयुक्त क्लींजर का इस्तेमाल करें, साथ ही केमिकलयुक्त टोनर की बजाए आयुर्वेदिक टोनर लगाएं। ठंडे मौसम में कोल्डीम या मॉश्चराइजर को हल्के हाथ से अपने चेहरे के साथ-साथ अपने पूरे शरीर पर लगाएं। इससे आपकी त्वचा में नमी बनी रहेगी।

## ऐसे बनी रहेगी बालों की चमक

सर्द मौसम में न सिर्फ चेहरा बेजान हो जाता है, बल्कि बालों की चमक भी कम हो जाती है। सर्दियों में बालों की चमक बरकरार रखने के लिए उनका खास ख्याल रखना जरूरी है- बालों को धोने से 2-4 घंटे पहले उनमें नारियल या बादाम का तेल लगाएं। बालों को गर्म पानी से बिल्कुल न धोएं। इससे बालों की नमी चली जाती है। इसलिए बाल धोने के लिए हमेशा हल्के गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। बालों में चमक के लिए उन्हें हल्के गुनगुने पानी से धोने के बाद कंडीश्नर लगाएं और फिर ठंडे पानी से धो दें।

**इस बदलते** मौसम का सबसे ज्यादा असर पड़ता है हमारे शरीर पर। खासकर सर्द मौसम में होने वाली सर्दी, जुकाम जैसी बीमारियों के अलावा ठंडी हवाओं से हमारे चेहरे का भी बुरा हाल हो जाता है। सर्दी के मौसम में चलने वाली ये सर्द हवाएं हमारे चेहरे और बालों की नमी चुरा लेती हैं। इसलिए सर्दियों में हमारी त्वचा खिंची-खिंची और बाल बेहद रूखे और बेजान से हो जाते हैं। ऐसे में हम इस मौसम का पूरा मजा नहीं ले पाते।

## कैसे पाएं खूबसूरती

दरअसल हर मौसम में खुद को सुंदर बनाए रखने का फार्मूला अलग होता है। मौसम के हिसाब से सुंदर और स्वस्थ रहने के तरीके बदल जाते हैं। जहां तक सर्दियों की बात है तो ये ऐसा मौसम होता है, जब आपका मन सिर्फ रजाई में दुबक कर गर्म-गर्म चाय और पकौड़े खाने का करता है। ऐसे में हम खुद पर ध्यान देना कम कर देते है। लेकिन अगर आप इस मौसम में होने वाली परेशानियों से बच कर, सर्दियों का पूरा मजा उठाना चाहते हैं तो बस अपने लिए थोड़ा-सा समय निकाल कर कुछ आसान से नुस्खों को अपनाएं। फिर देखिए सर्दियों में भी आपका चेहरा रूखा और बेजान नहीं, बल्कि खिला-खिला नजर रहेगा।

## तेज गर्म पानी से न नहाएं

वैसे तो सर्दियों में गर्म-गर्म पानी से नहाना अच्छा लगता है। लेकिन ज्यादा गर्म पानी से नहाने से त्वचा बहुत रूखी हो जाती है। इससे शरीर में खुजली की समस्या भी रहने लगती है। इसलिए ज्यादा तेज गर्म पानी से न नहाएं। हां, आप गुनगुने पानी से नहा सकती हैं। अगर आपकी त्वचा बेहद रूखी है तो नहाने से पहले शरीर पर नारियल का तेल लगाएं और नहाने के पानी में थोड़ा-सा सरसों का तेल डाल लें।

## ऐसे रखें खुद को स्वस्थ और खूबसूरत

भरपूर पानी पिएं- सर्दियों में शरीर का तापमान बहुत कम होता है, इसलिए हमें पानी की प्यास कम लगती है। लेकिन सर्दी हो या गर्मी स्वस्थ रहने के लिए दिन में 10 से 12 ग्लास पानी पीना जरूरी हैं। अक्सर सर्दियों में कम पानी पीने की वजह से हमारे शरीर से जहरीले टॉक्सिन बाहर नहीं निकल पाते और हमें पेट से जुड़ी समस्याओं जैसे कब्ज, एसिडिटी और मुंहासे हो जाते हैं। ऐसी परेशानियों से बचने के लिए सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में नींबू डाल कर पिएं।

## फटे होठ और एड़ियों को बनाएं मुलायम

सर्दियों में होठ और एड़ियों का फटना आम समस्या है। लेकिन सर्दियों की शुरुआत में ही इस समस्या को बढ़ने से रोक लेना जरूरी है, नहीं तो ये परेशानी लम्बे समय तक बनी रहती है। फटे होठों पर शहद और ग्लिसरीन मिला कर लगाएं। इससे होठ मुलायम और गुलाबी हो जाएंगे। फटी एड़ियों को ठीक करने के लिए पैरों की सफाई पर खास ध्यान दें। रात को सोने से पहले पैरों को गुनगुने पानी में शैम्पू, नमक, फिटकरी और डिटॉल डाल कर अच्छे से धोएं। फिर उन्हें पोंछ कर पेट्रोलियम जैली लगाएं। फटे होठों को दांत से न चबाएं। ऐसा करने से होठों में दरारें पड़ जाती हैं और उनसे खून भी आ सकता है।



# रैपर बादशाह के रेस्तरां में हुआ बम धमाका

**बॉलीवुड** रैपर बादशाह के रेस्तरां चंडीगढ़ में बम ब्लास्ट हुआ। इसकी जिम्मेदारी गोल्डी बरार और रोहित गोदारा ने ली है।

26 नवंबर को चंडीगढ़ के 26 सेक्टर में जिस जगह पर बम ब्लास्ट हुआ है, वहां रेस्तरां और सेविले बार और लाउंज के मालिक रैपर बादशाह हैं। अधिकारियों की मानें तो विस्फोट मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्धों द्वारा फेंके गए कम तीव्रता वाले उपकरण से हुआ था।

### गोल्डी बरार और रोहित गोदारा ने ली जिम्मेदारी

गैंगस्टर गोल्डी बरार और रोहित गोदारा, जो लॉरेंस बिश्नोई की गैंग से संबंध रखते हैं। दोनों ने इस मामले की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने कहा कि उन्होंने क्लब मालिकों से जबरन वसूली की मांग की थी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला, जिसके कारण उन्होंने विस्फोट को अंजाम दिया। हालांकि, पुलिस ने अभी तक दावे की प्रमाणिकता की पुष्टि नहीं की है। इससे लॉरेंस बिश्नोई के कनेक्शन को लेकर बात की जा रही है।

### चंडीगढ़ में हुआ ये हादसा

पुलिस की मानें तो विस्फोट देओरा के बाहर हुआ, जो रैपर बादशाह के बार और लाउंज के पास है। विस्फोट से संपत्तियों को कुछ नुकसान हुआ, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। विस्फोट दोपहर करीब 2.30 बजे के बीच हुआ। इससे संपत्तियों को मामूली नुकसान हुआ है। चंडीगढ़ फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी के फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ-साथ बम का पता लगाने वाले दस्तों को सबूत इकट्ठा करने के लिए घटनास्थल पर भेजा गया।



# जब इरीटेटिंग परिणीति को इशकजादें में लिए जाने के खिलाफ थे अर्जुन



**परिणीति** चोपड़ा और अर्जुन कपूर ने निर्देशक हबीब फैसल की रोमांटिक एक्शन फिल्म इश्कजादे में मुख्य भूमिकाएँ निभाईं। अर्जुन कपूर ने हाल ही में रोहित शेट्टी की मल्टी- स्टारर एक्शन फिल्म 'सिंघम अगेन' मेन विलेन का रोल निभाया, फिल्म ने अच्छी कमाई की और लोगों ने अर्जुन कपूर की तारीफ भी की। निर्देशक हबीब फैसल की रोमांटिक एक्शन फिल्म इश्कजादे में परिणीति चोपड़ा के साथ लीड रोल में साल 2012 में डेब्यू करने के बाद भी, अर्जुन के करियर में कई उतार-चढ़ाव आए, उनकी आखिरी फिल्म द लेडी किलर (2023) ने 45 करोड़ रुपये के कथित बजट के मुकाबले सिर्फ 60,000 रुपये की कमाई की। मशहूर निर्माता बोनी कपूर और दिवंगत मोना शौरी के बेटे एक्टर अर्जुन कपूर ने हाल ही में अपने करियर को लेकर बात की। उन्होंने अपनी पहली फिल्म इश्कजादे में परिणीति चोपड़ा की कास्टिंग के वक्त उनके मन में चल रही शंकाओं के बारे में बात की। अर्जुन ने मैशेबल इंडिया से कहा, जब कास्टिंग हुई तो मैं उनकी कास्टिंग के बहुत खिलाफ था। मैं ऐसा था, 'ये बहुत बात करती है' और उनकी रीडिंग भी खराब थी।

# काजोल ने बताया अपनी गोरी रंगत का राज!



**बॉलीवुड** की मशहूर एक्ट्रेस काजोल, जो अपनी एक्टिंग और चुलबुले अंदाज के लिए जानी जाती हैं, अक्सर सोशल मीडिया पर ट्रोलर्स के निशाने पर रहती हैं। खासतौर पर उनके बदले हुए लुक और गोरी त्वचा को लेकर लोग सवाल करते हैं।

कई बार उनके फैंस भी जानना चाहते हैं कि काजोल, जो पहले सांवली नजर आती थीं, अब इतनी गोरी कैसे हो गईं। काजोल, जो दिग्गज अभिनेत्री तनुजा की बेटी हैं, ने 1992 में फिल्म बेखुदी से अपने करियर की शुरुआत की थी। लेकिन उनकी असली पहचान फिल्म बाजीगर से बनी, जिसमें उन्होंने शाहरुख खान के साथ काम किया।

इसके बाद काजोल ने दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, कुछ कुछ होता है, और कभी खुशी कभी गम जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों से बॉलीवुड में अपनी जगह मजबूत कर ली।

### बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक

आज भी काजोल बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी तस्वीरें और वीडियोज फैंस के साथ शेयर करती हैं। हालांकि, उनकी पोस्ट पर फैंस जहां प्यार बरसाते हैं, वहीं कुछ लोग उनके गोरेपन और लुक्स को लेकर ट्रोल करते हैं।



# भोजपुरी इंडस्ट्री को लेकर रवि किशन का बयान, बोले- जूनियर सुपरस्टार्स ने बर्बाद कर दिया

**एक्टर** रवि किशन के पास 2024 में जश्न मनाने के कई कारण हैं। उनकी फिल्म 'लापता लेडीज़' का ऑस्कर में जाना उनके लिए गर्व की बात है। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में लगभग 34 सालों तक रहने के बाद, रवि किशन को लगता है कि आखिरकार उन्हें वह हक मिल रहा है जिसके वे हकदार हैं। हालांकि, एक्टर भोजपुरी इंडस्ट्री को लेकर थोड़ा निराश हैं।

एक विशेष बातचीत में, रवि किशन ने बताया कि रीजनल सिनेमा ने हाल ही में जो उछाल देखा गया है, इस मामले में भोजपुरी इंडस्ट्री पीछे रह गई है। इसके साथ ही उन्होंने इसके पीछे का कारण भी बताया। अपने स्ट्रगल के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे वो भोजपुरी इंडस्ट्री शुरू करने के लिए प्रेरित हुए। उन्होंने कहा, अजय देवगन, अक्षय कुमार और मैंने एक साथ एंट्री की थी, वे सभी आगे बढ़ गए और मैं अकेला पीछे रह गया। फिर मैंने अपनी खुद की भोजपुरी इंडस्ट्री बनाई।

मैं एक बड़ी रेस में था; मैं ट्रेन्ड था, कुछ हद तक मिथुन चक्रवर्ती जैसा दिखता था, लेकिन मुझे कोई मौका नहीं मिल रहा था। उन्होंने आगे कहा, मैं सेकेंड लीड, थर्ड लीड किरदार निभाते-निभाते थक गया था, तभी मुझे 'सइयां हमार' नाम की भोजपुरी फिल्म करने का मौका मिला।

मैंने इसे इसलिए लिया क्योंकि मैं 8-9 साल तक संघर्ष करने से बहुत निराश हो गया था, उस फिल्म ने मुझे बड़ी सफलता दी और मैंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। फिर मुझे बिग बॉस मिला और उस शो ने मुझ पर रीजनल एक्टर का ठप्पा लगा दिया.

# राम गोपाल वर्मा ने एक बार फिर एनिमल में दिखाई हिंसा पर की बात

**संदीप** रेड्डी वांगा की रणबीर कपूर स्टारर फिल्म 'एनिमल' एक बड़ी हिट साबित हुई थी, लेकिन बावजूद इसके फिल्म की जमकर आलोचना हुई और आज भी हो रही है। फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने कहा कि फिल्मों के सीन आज भी उन्हें परेशान करते हैं। हालांकि राम गोपाल की खुद की कई फिल्मों में जमकर हिंसा दिखाई गई है।



'एनिमल' में हिंसा के बारे में बात करते हुए राम गोपाल वर्मा ने कहा, यह सेनाओं को एक-दूसरे से लड़ते हुए देखने से भी अधिक प्रभावशाली था। वास्तव में, मुझे याद है जब मैं नागार्जुन को शिव के बारे में बता रहा था, जब वह 'अग्नि पुत्रुदु' की शूटिंग कर रहे थे। मैंने उनसे कहा कि शिव में हिंसा बम फोड़े जाने और चाकू मारे जाने से भी अधिक गंभीर होगी। उदाहरण के लिए, नरेश के साथ अंधेरे में थिएटर से आने वाला सीन और जब उसे पीछे से मारा जाता है, हमला काफी प्रभावशाली है। आरजीवी ने कहा, मुझे रणबीर के सीन के साथ भी ऐसा ही महसूस हुआ। एनिमल में, विशेषकर लो एंगल शॉट। यह अब भी मुझे परेशान करता है।

राम गोपाल वर्मा ने कहा कि संदीप रेड्डी वांगा का किस तरह के व्यक्ति हैं, वास्तव में स्क्रीन पर दिखाई गई हिंसा से बिल्कुल अलग हैं। उनकी फिल्म में भले ही इस तरह के सीन हैं, लेकिन वो खुद एक शांत स्वभाव के इंसान हैं। राम गोपाल वर्मा ने वांगा से कहा, मैं तुममें कभी गुस्सा नहीं देखता। हो सकता है कि आप इसे अपने किरदारों के लिए संभाल कर रखते हों, या आप ऐसा दिखा रहे हों जैसे कि आपमें वो गुस्सा है ही नहीं। संदीप रेड्डी वांगा इस वक्त मोस्ट अवेटेड प्रभास-स्टारर 'स्पिरिट' पर काम कर रहे हैं, इसमें प्रभास को एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में दिखाया जा सकता है।



# जेनिफर लोपेज का बोल्ड अंदाज, प्लीटेड मिनी स्कर्ट में फ्लॉन्ट किया टोन्ड फिगर

जेनिफर लोपेज अक्सर अपने लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। हसीना कभी भी शॉर्ट ड्रेस में अपना फिगर दिखाने से नहीं कतराती हैं। जेनिफर लोपेज मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें वह अपनी टोन्ड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही हैं। 55 की सिंगर ब्लैक शर्ट और मैचिंग प्लीटेड मिनी स्कर्ट में बेहद बोल्ड लग रही हैं। हसीना ने मिनिमल मेकअप, ओपन हेयर्स से लुक्स को पूरा किया था। जेनिफर कातिलाना अंदाज में कैमरे के सामने पोज दे रही हैं।

लोपेज़ के करियर के लिए 2024 शानदार रहा - एटलस एक बड़ी सफलता थी लेकिन बेन अफ्लेक संग उनके रिलेशनशिप ने खूब सुर्खियां बटोरी।

# नागार्जुन के घर दोहरी खुशियों का माहौल, नागा के बाद छोटे बेटे अखिल अक्किनेनी ने की सगाई



नागार्जुन के घर दोहरी खुशियों का माहौल है। बड़े बेटे नागा के बाद तेलुगु अभिनेता के छोटे बेटे अखिल अक्किनेनी ने भी सगाई कर ली है। अभिनेता ने पोस्ट कर जैनब रावदजी का परिवार में स्वागत किया है। अनुभवी तेलुगु अभिनेता नागार्जुन के घर पर दोहरी खुशियों का माहौल है। नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला की शादी से कुछ दिन पहले अभिनेता के छोटे बेटे अखिल अक्किनेनी ने सगाई कर ली है। उन्होंने लॉन्ग टर्म गर्लफ्रेंड और लाइफस्टाइल ब्लॉगर जैनब रावदजी से सगाई की है। नागार्जुन ने अपने एक्स हैंडल पर जोड़े की एक तस्वीर के साथ खुशखबरी की घोषणा की और परिवार में जैनब का स्वागत किया।

### नागार्जुन के छोटे बेटे ने की सगाई

छोटे बेटे और होने वाली बहू की एक तस्वीर को साझा करते हुए नागार्जुन ने लिखा, अपने बेटे अखिल अक्किनेनी और हमारी होने वाली बहू जैनब रावदजी की सगाई की घोषणा करते हुए रोमांचित हूं।

# जब पत्नी बोलतीं है तो मैं खामोश हो जाता हूं: खेसारी लाल यादव

**भोजपुरी** एक्टर खेसारी लाल यादव इन दिनों चर्चा में हैं। हाल ही में शुभांकर मिश्रा के पॉडकास्ट में खेसारी लाल यादव ने काजल राघवानी से जुड़े कई बयान दिए थे जिसकी वजह से वो चर्चा में रहें, मगर अब उसी पॉडकास्ट से उनका एक और बयान वायरल हो रहा है। जहां खेसारी लाल यादव अपनी वाइफ को लेकर बयान देते नजर आ रहे हैं।



जब खेसारी लाल से पूछा गया कि क्या उनकी वाइफ उनसे लड़ती हैं तो खेसारी ने कहा कि हां और क्यों नहीं लड़ेगी। खेसारी ने कहा, ऐसा नहीं है कि मैं कह दूं कि मेरी वाइफ लड़ती नहीं है? क्यों नहीं लड़ेगी भाई? लड़ाई तो वहीं होती है जहां हक होता है, जहां पर प्यार होता है, जहां पर रिश्ते होते हैं। तो उसका लड़ना भी जायज़ है, ठीक है। हम भी चुप हो जाते हैं, शांत हो जाते हैं, कि चलो यार कोई बात नहीं, हर जगह तो मैं जीत ही जाता हूं, हर आदमी को तो चुप करा ही देता हूं। कहीं तो मुझे चुप होना पड़ेगा।

वर्क फ्रंट की बात करें तो खेसारी लाल यादव जल्द ही आकांक्षा पुरी के साथ दो फिल्मों में नजर आएंगे। एक फिल्म का नाम है 'राजा राम' जिसमें दोनों का स्पेशल सॉन्ग 'चुम्मा चुम्मा' है। ये वीडियो सॉन्ग काफी बोल्ड है। इसमें खेसारी और आकांक्षा पुरी की केमिस्ट्री की काफी चर्चा है। इसके अलावा आकांक्षा और खेसारी की भोजपुरी फिल्म 'अग्नि परीक्षा' भी लाइन में है।

खेसारी लाल यादव और काजल राघवानी के बीच काफी झगड़े हुए और दोनों के अफेयर और ब्रेकअप की खबरें भी खूब उड़ीं और अब खेसारी लाल का नाम आकांक्षा पुरी के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों हाल ही में जिम में कुछ ऐसे वर्कआउट करते दिखे जिसके बाद से दोनों के अफेयर की खबरें और तेजी से आने लगीं। मगर खेसारी लाल यादव ने इस पर सफाई दी है।

# राजकुमार संतोषी की मुश्किलें बढ़ीं

## सत्र न्यायालय ने चेक बाउंस मामले में बरकरार रखी सजा

**राजकोट** के सत्र न्यायालय ने निर्माता-निर्देशक राजकुमार संतोषी को दो चेक बाउंसिंग मामलों में निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। 17 फरवरी को जामनगर की अदालत ने संतोषी को दो साल की सजा और दिए गए पैसे की दोगुनी राशि जमा करने का आदेश दिया था।

राजकोट के सत्र न्यायालय ने निर्माता-निर्देशक राजकुमार संतोषी को दो चेक बाउंसिंग मामलों में एक-एक साल की सजा सुनाने वाली निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखा है। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि संतोषी को पीड़ित को मुआवजा भी देना होगा। संतोषी ने निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अपील की थी, लेकिन सत्र न्यायालय ने उनकी अपील को खारिज कर दिया।

**अदालत ने बरकरार रखी सजा:** इस मामले में शिकायतकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीन कोटेचा ने अदालत में दलीलें दीं, जिनके तर्कों को अदालत ने स्वीकार किया। प्रवीन कोटेचा ने संतोषी के खिलाफ आरोपों को मजबूती से रखा, जिसके बाद अदालत ने निचली अदालत के फैसले को सही ठहराया।

**निचली अदालत ने दिया था ये फैसला:** 17 फरवरी को जामनगर की सातवीं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत ने राजकुमार संतोषी को चेक बाउंसिंग के दो मामलों में दो साल की सजा सुनाई थी। इसके साथ ही अदालत ने संतोषी को वह रकम दोगुनी राशि में जमा करने का आदेश भी दिया था, जो उन्होंने शिकायतकर्ता को चुकानी थी।

**सत्र न्यायाल ने खारिज कीं संतोषी की दलीलें:** संतोषी ने अपनी अपील में दावा किया था कि वह किसी तरह की धोखाधड़ी में शामिल नहीं थे, लेकिन सत्र न्यायालय ने उनकी दलीलें खारिज करते हुए निचली अदालत के आदेश को मान्यता दी। इस फैसले से यह साफ है कि अदालत ने शिकायतकर्ता के पक्ष में मजबूत फैसला दिया है।



# मतदाता सूची में न छूटे पात्र व्यक्ति : मंडलायुक्त

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 1 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान 2025 को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में मंडलायुक्त मेरठ मंडल मेरठ/रोल प्रेक्षक सेल्वा कुमारी जे0 की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान 2025 से जुड़े अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई।




जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा मण्डलायुक्त को अवगत कराया गया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान ईआरओ, एईआरओ, सुपरवाइजर्स और बीएलओ द्वारा अपने-अपने कार्यों को किया जा रहा है।

मण्डलायुक्त सेल्वा कुमार जे0 ने कहा कि सभी अधिकारी इस विषय पर ध्यान दें कि मतदाता सूची में अधिक से अधिक सुधार हो। इस दौरान हमारा एक ही लक्ष्य होना चाहिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता पहचान पत्र बनने से छुट न जाएं। सभी बीएलओ एवं उनके सहयोगी जनपद के पात्र व्यक्तियों को सूचित करें कि मतदाता पहचान पत्र बनवायें। उन्हें जानकारी दी जाएं कि उक्त सेवाएं अब आनलाईन भी है, जिससे वह बहुत ही सुगमता से अपना मतदाता पहचान पत्र बनवा सकते हैं, मतदाता पहचान पत्र में स्थान परिवर्तन व मतदाता सूची में एक जगह से अपना नाम कटवा कर दूसरी जगह भी जुड़वा सकते है। उन्होने सभी सुपरवाईजरों एवं एईआरओ को निर्देशित किया कि वे इस बात का ध्यान रखे कि उनकी टीम द्वारा सही कार्य किया जा रहा है या नहीं। वे इसके लिए उक्त क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण करें और सम्पर्क सूत्रों के माध्यम से मतदाताओं से भी जानकारी प्राप्त करें। साथ ही स्वीप कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक लोगों को जागरूक बनाएं कि वह मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग की ऑनलाइन सुविधा का भी लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने मतदाता फोटो पहचान पत्र के मुद्रण एवं वितरण से संबंधित विवरण की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों से कहा कि मतदाता पहचान पत्रों का समय से मुद्रण कराते हुए पोस्ट ऑफिस के माध्यम से मतदाताओं तक पहुंचा दिया जाए।

मंडलायुक्त ने बताया कि ऐसे नागरिक जो 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं या उससे पहले पूरी कर चुके हो, वह अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम बार आवेदन कर रहे नए मतदाता को पंजीकरण के लिए फॉर्म-6, निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने के प्रस्ताव पर आपत्ति एवं पूर्व में शामिल न होने को अपमार्जित करवाने के लिए फॉर्म-7, निवास परिवर्तन/मतदाता सूची की प्रविष्टियों में संशोधन/मतदाता फोटो पहचान पत्र का प्रतिस्थापन या दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन के लिए फार्म 8 भरा जाएगा। मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने एवं संशोधन आदि के लिए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट https://voters.eci.gov.in या मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ की वेबसाइट https://ceouttarpradesh.nic.inद्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मतदाताओं द्वारा मतदाता सूची में नाम चेक करने हेतु https://ceouttarpradesh.nic.in या भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट https://voters.eci.gov.in या अपने मोबाइल पर वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करके भी किया जा सकता है।

बैठक में समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण तथा उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कमिश्नर का चला डंडा : लापरवाही बरतने पर डीसीपी ट्रैफिक को हटाया

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में चल रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो के दौरान एक्सप्रेस वे व एक्सपो मार्ट तक जाम की समस्या से सही ढंग से ना निपटने के कारण पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने डीसीपी ट्रैफिक यमुना प्रसाद को उनके कार्य से मुक्त करते हुए उन्हें पुलिस लाइन में अटैच कर दिया है और उनके स्थान पर लखन सिंह यादव को नया डीसीपी ट्रैफिक बनाया गया है इसके साथ ही कई अन्य ट्रैफिक पुलिस कर्मियों पर भी गाज गिरी है।



पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 25.11.24 से 29.11.24 तक एक्सपो मार्ट में CPHI and PMEC -24 चल रहा है। 27.11.24 को इंटरनेशनल ट्रेड शो के कारण एक्सप्रेस वे से एक्स्पोमार्ट तक जाम की समस्या को सही ढंग से निस्तारण न करने एवं जाम के निस्तारण की ड्रिल के प्रोटोकॉल को अमल न करने एवं इस ट्रेड शो में यातायात प्रबंधन में लापरवाही बरती गई।

पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के द्वारा तत्काल प्रभाव से पुलिस उपायुक्त यातायात यमुना प्रसाद को यातायात पुलिस उपायुक्त के कार्यों से मुक्त करते हुए पुलिस उपायुक्त पुलिस लाइन्स नियुक्त किया गया है तथा तत्काल प्रभाव से पुलिस उपायुक्त पुलिस लाइन लखन सिंह यादव को पुलिस उपायुक्त यातायात नियुक्त किया गया है।

एसीपी संजीव कुमार बिश्नोई को रिजर्व पुलिस लाइन से एसीपी यातायात के पद पर नियुक्त किया गया है।एसीपी 1 ग्रेटर नोएडा पवन कुमार, ट्रैफिक निरीक्षक प्रफुल्ल श्रीवास्तव एवं थाना प्रभारी नॉलेज पार्क को परिनिन्दा प्रविष्ठि (मिस कंडक्ट) दी गयी है।

# विद्युत यांत्रिकी विभाग के जेई की सेवा समाप्त

## सीनियर मैनेजर और मैनेजर के निलंबन के लिए शासन को भेजी रिपोर्ट

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर लोकेश एम ने विद्युत यांत्रिकी विभाग के जूनियर इंजीनियर की सेवा समाप्त कर दी है। साथ ही एक मैनेजर और सीनियर मैनेजर के निलंबन की कार्यवाही शासन स्तर से कराने के लिए निर्देश दिए है। दरअसल इन सभी ने मिलकर प्राधिकरण को वित्तीय हानि पहुंचाते हुए अनुचित लाभ कमाया। जिसके लिए ये कार्यवाही की गई।

दरअसल अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री ने हाल ही में सेक्टर-142 से 144 तक नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे के समानांतर रास्ते में विद्युत कार्य की जांच की। जांच में सामने आया कि जो कार्य जिस लागत से कंपनी से कराया जा रहा है। एग्रीमेंट में उस कार्य का कोई भी ले आउट प्लान शामिल ही नहीं किया गया। एग्रीमेंट के अनुसार कार्य स्थल पर कोई भी स्टोर नहीं बनाया गया। साथ ही जो भी कार्य कराए जा रहे थे। पेमेंट के लिए वास्तविक लागत से अधिक के बिल लगाए गए।



जांच में सामने आया कि विद्युत कार्य के लिए जो केबल ली गई वो आवश्यकता से काफी अधिक मिली। कार्य स्थल पर प्रगति महज 40 प्रतिशत की मिली। जबकि कार्य का भुगतान 45 प्रतिशत कराया गया। ऐसे में जांच में जो रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। उससे स्पष्ट हुआ कि अधिकारियों ने साठ गाठ करके वास्तविक आवश्यकता से अधिक धनराशि भुगतान और अवाश्यकता से अधिक मात्रा को दिखाया गया। बता दे ये कार्य वित्तीय वर्ष 2023-24 का है। जिसमें करीब 1 करोड़ 40 लाख की लागत से नया विद्युत केबिल बिछाना थ।

इस कारण प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने जूनियर इंजीनियर (संविदा) अनेक सिंह कीर सेवा समाप्त करने का निर्देश दिया। साथ ही शिव शक्ति जायसवाल मैनेजर विद्युत यांत्रिकी प्रथम और सीनियर मैनेजर प्रदीप कुमार विद्युत यांत्रिकी प्रथम के निलंबन के लिए शासन को पत्रावली भेजने के निर्देश दिए गए। सीईओ के इस आदेश के बाद से प्राधिकरण में हड़कंप का माहौल है।

# दादरी के एसएचओ सस्पेंड एसीपी को किया लाइन हाजिर

**दादरी ( चेतना मंच )।** दादरी के कोल्ड स्टोरेज में प्रतिबंधित पशु का मांस मिलने पर गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने बड़ा एक्शन लिया है। उन्होंने दादरी के SHO सुजीत उपाध्याय को निलंबित कर दिया है, वहीं ACP दादरी अमित प्रताप सिंह को लाइन हाजिर किया गया है।



आपको बता दें कि कुछ दिनों पहले कंटेनर में गौ मांस मिलने का मामला सामने आया था। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दादरी के एक कोल्ड स्टोरेज से बड़ी मात्रा में गाय का मांस बरामद किया था। इस मामले में लापरवाही बरतने पर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने यह एक्शन लिया है।

दादरी कोल्ड स्टोरेज में गौ मांस मिलने का मामला बड़ा तूल पकड़ा था। इस मामले में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बड़ा एक्शन लिया है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने डीजीपी मुख्यालय द्वारा दिए गए निर्देशों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए लापरवाही बरतने और अनदेखी करने पर दादरी के SHO पर बड़ा एक्शन लिया है। उन्होंने दादरी के SHO सुजीत उपाध्याय को निलंबित कर दिया है, वहीं एसीपी दादरी अमित प्रताप सिंह को लाइन हाजिर किया गया है।

# स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचे : डीएम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति एवं शासी निकाय की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जन सामान्य के लाभार्थ संचालित की जा रही स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला अधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति एवं शासी निकाय की महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करते हुये स्वास्थ्य विभाग की समस्त योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुये स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जन सामान्य को समय से उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य कार्यक्रमों से जुड़ हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।




डीएम ने एन0टी0ई0पी0, एन0पी0सी0बी0एण्डवी0आई0, एफ0आर0यू0, 20 ई रूपीज पीएमएसएमए, ई-कवच, नियमित टीकारण, प्रधानमंत्री जन आरोग्य, ई संजीवनी, मातृत्व स्वास्थ्य एवं पुरूष नसबंदी पखवाड़ा आदि कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं का जन-जन तक लाभ पहुंचाने में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है सभी अधिकारी एवं चिकित्सक अपनी-अपनी ड्यूटी पर निर्धारित समय पर उपस्थित होकर सरकार द्वारा संचालित किए जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों का लाभ जन सामान्य में पहुंचाने की दिशा में विशेष प्रयास सुनिश्चित करें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से वर्तमान तक की प्रगति से जिला अधिकारी को अवगत कराया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा डा0 यतेंद्र सिंह एवं डा0 सचिन मिश्रा को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति-पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी शिव प्रताप सिंह परमेश, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 डॉक्टर सुनील शर्मा, डीपीएम मंजीत कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण एवं अन्य सम्बन्धित विभागीय अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# युवा समाजसेवियों ने रोशन किया नोएडा का नाम




**नोएडा ( चेतना मंच )।** शहर के दो युवा समाजसेवियों ने सूबे का नाम अंत्तराष्ट्रीय मंच पर रोशन करने का काम किया। गौरतलब है कि रेक्स करमवीर चक्र सम्मान के रूप में भिन्न देशों के बड़े समाजसेवियों का जमावड़ा नोएडा स्थित श्रीराम मिलेनियम स्कूल में लगा हुआ था, जिसमें दो दिन के कार्यक्रम के दौरान पूरे देश में बदलाव करने वाले चेहरों ने अपनी अपनी बातें वहां उपस्थित जनसमूह के सामने रखी। कई रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित हुए। करमवीर सम्मान के नाम से प्रेरित होकर अमिताभ बच्चन के कार्यक्रम कौन बनेगा करोड़पति में करमवीर नामक विशेष एपिसोड दिखाया जाता है।

नोएडा के समाजसेवी एवं नोएडा विलेज रेसिडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रंजन तोमर को करमवीर रजत सम्मान प्राप्त हुआ जबकि चैलेंजर्स ग्रुप के अध्यक्ष प्रिंस शर्मा को करमवीर कांस्य सम्मान प्रदान किया गया।

संवादाताओं से बात करते हुए नोएडा के युवा चेहरों ने बताया की वह अलग अलग भी और आवश्यकता पड़ने पर मिलकर भी समाज की सेवा करते रहेंगे। दोनों को यह सम्मान स्वीडन की राजकुमारी फ्रैंकोइस स्ट्रोजा के हाथों दिया गया।

